रोहतक
बुधवार 4 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 272
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.5°C
न्यून. 14.1°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



5 आईसीसी रैंकिंग : वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग

haribhoomi.com

ज्वैलरी जगत में विश्वसनीय नाम

प्यारेलाल जगन्नाथ सर्राफ

बृजलाल सर्राफ (भिवानी वाले)



कुशल कारीगर
उत्कृष्ट डिजाइन

पूरी शुद्धता
वाजिब दाम

अटूट गठबंधन
विश्वास का

परम्परा भी आधुनिकता
भी और पूर्ण संतुष्टि

वापसी की
गारंटी

जेवर की
नि:शुल्क रिपेयरिंग

सोना - चांदी - हीरा - मोती - कुंदन - पोलकी

धनतेरस एवं दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाए


बृजलाल सर्राफ


पवन सर्राफ


हनुमान सर्राफ


कृष्ण सर्राफ


कुणाल सर्राफ


यशस्वी सर्राफ

शोरूम :- 3, कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली
फोन : 9053562200

हालू बाजार, भिवानी (हरियाणा) - 127021
फोन : 9053568300

खबर संक्षेप



सीएम से मिलीं वर्ल्ड चैंपियन पहलवान मनीषा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी से मंगलवार को जींद जिले की अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं वर्ल्ड चैंपियन मनीषा भनवाला ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कज़ाकिस्तान में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने पर मनीषा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें : सैलजा

चंडीगढ़। सांसद और पूर्व मंत्री सैलजा ने सरकार से मांग की है कि वह दीपावली के अवसर पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत लगभग 1.20 लाख कर्मचारियों को नियमित करें। सांसद ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और उनके रोजगार को सुरक्षित करने का भरोसा दिलाया था। अब सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपना वादा कब पूरा करेगी।

सरकार ने अतिथि अध्यापकों के पक्का होने की उम्मीदें तोड़ी : रणदीप

चंडीगढ़। राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश के 10,757 अतिथि शिक्षकों की पक्की नौकरी की उम्मीदों पर सरकार ने बुलडोजर चला दिया है। सरकार ने इन शिक्षकों को नियमित करने से साफ इनकार कर दिया है।
सुरजेवाला ने कहा कि जवाबदेही से भागते प्रदेश के 'शिगूफा सीएम' नायब सैनी ने अपने मुख्य प्रधान सचिव के जरिए अतिथि शिक्षकों के लिए धोखे का फरमान भेज दिया है।

2.60 लाख पेंशनभोगी डिजिटल जमा करवा सकेंगे लाइफ सर्टिफिकेट

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने भारत सरकार की पहल के अनुरूप, राज्य भर में 1 से 30 नवंबर, 2026 तक चलाए जा रहे 'नेशनल डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कैंपेन 5.0' में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल माध्यमों से 'डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट' (डीएलसी) जमा करना आसान बनाना है ताकि पेंशन का भुगतान समय पर और बिना किसी रुकावट के होता रहे। इस अभियान से हरियाणा सरकार के लगभग 2.60 लाख पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशन भोगी लाभान्वित होंगे।

सरकार के संरक्षण में हो रहा अवैध खनन : अभय

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने प्रदेश में अवैध खनन को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। यमुनानगर के उनेहड़ी घाट पर थाने के नजदीक खुलेआम अवैध खनन होना इस बात का प्रमाण है कि सरकार के संरक्षण में धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को अवैध खनन सामग्री से भरे संदिग्ध डंपर को रोकने पर एसडीएम को कथित तौर पर कुचलने की कोशिश की गई।

गुरुग्राम में एफटीए कार्यशाला में विदेशों से व्यापार के लिए नए रास्ते सुझाए

यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड में अवसर, 5 वर्ष में दोगुने निर्यात का लक्ष्य : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और प्रदेश के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से मंगलवार को गुरुग्राम में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित करते हुए अगले पांच वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य रखा। वहीं हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने होटल ग्रैंड हयात में 'लेवरेजिंग एफटीए – आउटरीच प्रोग्राम' का शुभारंभ किया।

कार्यशाला में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से हरियाणा के उद्योगों, एमएसएमई और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों तथा निर्यात विस्तार की रणनीतियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का आयोजन हरियाणा सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निदेशालय द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) तथा इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा के कमिश्नर एवं सचिव डॉ. अमित के. अग्रवाल, गुरुग्राम के डिविजनल कमिश्नर रवि प्रकाश गुप्ता, हरियाणा एमएसएमई एवं उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक डॉ. यश गर्ग, भारत सरकार के वाणिज्य विभाग में निदेशक डॉ. गरिमा मित्तल तथा एचएसआईआईडीसी के एमडी विनय प्रताप सिंह सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, व्यापार विशेषज्ञ और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े सभी निर्यातकों, उद्यमियों और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा हरियाणा ने 1 नवंबर को अपनी स्थापना के 60 गौरवशाली वर्ष पूरे किए हैं। इन छह दशकों में प्रदेश के किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों ने अपनी मेहनत से हरियाणा को कृषि एवं उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य प्रदेश के उत्पादों को दुनिया के हर बाजार तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से 36 विकसित देशों के बाजारों तक पहुंच के नए अवसर खुले हैं। हरियाणा सरकार इन अवसरों को प्रदेश के उद्योगों, एमएसएमई, किसानों और युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में हरियाणा का मर्चेंडाइज निर्यात 20 बिलियन डॉलर से अधिक रहा और देश के कुल निर्यात में हरियाणा देश में छठे स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 अधिसूचित की है, जिसके तहत अगले पांच वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति में छोटे उद्यमियों, पहली बार निर्यात करने वालों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण उत्पादकों को वैश्विक बाजार से जोड़ने तथा उनके जोखिम कम करने के प्रावधान किए हैं।



हरियाणा का मर्चेंडाइज निर्यात 20 बिलियन डॉलर से अधिक रहा
कुल निर्यात में हरियाणा देश में छठे स्थान पर है : मुख्यमंत्री

एफटीए से खुलेंगे विकसित देशों के बाजार : यादव

भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव ने कहा कि नए मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे बड़े बाजारों में हरियाणा के निर्यातकों के लिए व्यापक संभावनाएं खुली हैं।

पॉलिसी में 70 प्रतिशत सुझाव शामिल किए : राव

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उद्योग जगत की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए नई औद्योगिक नीति तथा एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी तैयार की हैं। इन नीतियों को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न उद्योगपतियों, उद्यमियों और संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा उनके द्वारा दिए गए 70 प्रतिशत से अधिक सुझावों को नीतियों में शामिल किया गया है।

रोडवेज के लिए 500 बसें व 24 ट्रक खरीदने की मंजूरी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी (एचपीपीसी) और हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बोलीदाताओं के साथ विस्तृत बातचीत के बाद सरकार ने लगभग 11.96 करोड़ की बचत भी की।
मुख्यमंत्री ने हरियाणा रोडवेज के लिए 500 पूर्ण निर्मित डीजल इंजन वाली नॉन-एसी बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। इसके अतिरिक्त 24 पूर्ण निर्मित डीजल इंजन वाले ट्रकों की खरीद और रोडवेज के डिपो एवं सब-डिपो के लिए आगामी एक वर्ष की आवश्यकता के अनुसार डीजल एडिटिव्स फ्लूइड की खरीद को भी स्वीकृति दी गई।
गुरुग्राम में सेक्टर-45-46 और 51-52 के चौराहे पर फ्लाईओवर, सेक्टर-85-86 और 89-90 के चौराहे पर फ्लाईओवर तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के आसपास यातायात का दबाव कम करने के लिए सेक्टर-27-29 और 43-44 के चौराहे पर अंडरपास का निर्माण होगा।
जींद जिले के गांव हैबतपुर में निर्माणाधीन संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत जी राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए फर्नीचर की खरीद को भी मंजूरी दी गई।
रोहतक स्थित स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में टाइप-II (जी+6) के 1300 वर्ग फुट के शिक्षक आवासों के शेष निर्माण कार्य को भी स्वीकृति दी गई।
पानीपत जिले में जीटी रोड से डाहर होते हुए एनएच-709 तक मौजूदा रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर नए रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई।

आईजीओटी कर्मयोगी रैंकिंग में हरियाणा शीर्ष पर

चंडीगढ़। केंद्र द्वारा जारी नवीनतम आईजीओटी कर्मयोगी रैंकिंग में हरियाणा ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। हरियाणा ने एक लाख से पांच लाख सरकारी कर्मचारियों वाले राज्यों में यह स्थान हासिल किया है। एआई आधारित क्षमता निर्माण योजनाओं का निर्माण, प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में योगदान तथा पिछले महीने के दौरान कम से कम एक घंटे का प्रशिक्षण पूरा करने वाले कर्मचारियों का अनुपात शामिल है।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाडी

मुकदमा नं 169 दिनांक 24/07/2026 धारा 127 (6) बी एन एस थाना खोल

गुमशुदा की पहचान-



नाम - थावर सिंह पुत्र ईश्वर सिंह
गांव भालखी (माजरा) थाना खोल जिला रेवाडी
उम्र-32 साल
कद- 5 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल, हष्ट पुष्ट शरीर, लाईट कलर की पैंट, काले रंग की शर्ट पैरों में चप्पल पहने हुये
दिनांक 24.12.2025 को थावर सिंह पुत्र ईश्वर गांव भालखी (माजरा) थाना खोल जिला रेवाडी घर से बिना बताये कहीं जाने उपरान्त अभियोग दर्ज कराया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। यदि किसी थाना या व्यक्ति को इस बारे कोई सूचना प्राप्त होती है तो निम्न नंबरों पर सूचित करें। सूचित करने वाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी
1. प्रबन्धक अफसर थाना खोल जिला रेवाडी मो.न. 7056666128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाडी -01274-225156,9306952004
3. अनुसधान कर्ता थाना खोल मो.न. 9416885021
पीआरडीएच-1084/11/5569/2027/50766/88/6 दि. 03.11.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 318 दिनांक 25.10.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सिविल लाईन सोनीपत जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान



नाम-ममता ।
पति का नाम - मुकेश ।
पुत्र का नाम - तुषार ।
पता - वासी सुदामा नगर सोनीपत जिला सोनीपत ।
ममता की उम्र-35 वर्ष।
तुषार की उम्र-8 वर्ष ।
ममता का कद-5 फुट 3 इंच।
तुषार का कद-3 फुट 6 इंच।
ममता का हुलिया: रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे ।
तुषार का हुलिया:- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे
ममता का पहनावा :- लाल रंग की साड़ी पहने हुए है।
तुषार का पहनावा :- पीले रंग की शर्ट, निक्कर पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.10.2026 को ममता पत्नी मुकेश अपने पुत्र तुषार वासी सुदामा नगर सोनीपत जिला सोनीपत, को साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी हैं। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो० न0 7419410533
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9416355147
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5571/2027/50768/88/6 दि. 03.11.2026

थाना खेडी पुल — जिला फरीदाबाद

मुकदमा न. 390 दिनांक 28.09.2026 अपराध 127 (3) BNS थाना खेडी पुल फरीदाबाद ।

लापता व्यक्ति की खोज हेतु विज्ञापन



सर्वसाधारण को विज्ञापन के माध्यम से अपील की जाती है कि दिनांक 28.09.2026 को योगिता पत्नी स्व. मनीष पूरी निवासी म. न. K-23 साउथ सिटी सेक्टर 41 गुरुग्राम हाल पता फ्लैट न.1401 मीनार संख्या A-6 हबीट्रेट सोसाइटी सेक्टर फरीदाबाद ने दिनांक 17.09.2026 को एक लिखित शिकायत थाना में प्रेषित की है पुत्र देवेस पूरी पुत्र स्व मनीष पूरी समय करीब 4 PM पर फ्लेट न.1401 मीनार संख्या A-6 हबीट्रेट सोसाइटी सेक्टर फरीदाबाद से अपनी मोटरसाईकिल से निकला था जो घर वापिस नहीं आया। शिकायत पर अभियोग संख्या 390 दिनांक 28.09.2026 अपराध 127 (3) BNS थाना खेडी पुल फरीदाबाद में अंकित किया है तथा गुमशुदा देवेश पूरी को अंतिम बार कटपुला पुल आगरा नहर थाना क्षेत्र खेडी पुल फरीदाबाद पर समय करीब 8 PM पर देखा गया था, मोटरसाइकिल व पर्स कट्पुला पुल पर ही रखे हुए मिले है परन्तु देवेश पूरी लापता है लापता व्यक्ति देवेश पूरी का हुलिया इस प्रकार है। हुलिया-रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, मजबूत शरीर, कद 5 फीट 8 इंच, उम्र 35 वर्ष, पहनावा कमर पर नीली व सफेद टी-शर्ट, ग्रे रंग की पजामी पहने हुए है, गुमशुदा के बारे में पता चलने पर निम्नलिखित सम्पर्क सूत्र पर सूचित किया जावे।

हस्ता/-प्रबंध अफसर
थाना खेडी पुल फरीदाबाद
दिनांक 30.09.2026
सम्पर्क सूत्र:- 8745891300 1/0
9582200148 SHO
6283569230
8447795485

पीआरडीएच-1084/11/5563/2027/50733/88/6 दि. 03.11.26

दिल्ली रैली में न पहुंचने पर 10 युवा कांग्रेसी नेता सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस की एक नवंबर की दिल्ली रैली में न पहुंचने पर हरियाणा यूथ कांग्रेस ने सख्त रुख अपनाया है। इस रैली में शामिल न होने वाले 10 प्रमुख पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों पर की गई है। 2 नवंबर को निलंबन पत्र जारी किया गया है। सस्पेंड किए गए सभी 10 पदाधिकारियों को यूथ कांग्रेस के वॉटसएप ग्रुप से बाहर कर दिया गया है। वहीं सभी को अपना जवाब देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 5 नवंबर को दिल्ली बुलाया है। यह कार्रवाई राज्य उपप्रधान नवदीप दलाल, जनरल सेक्रेटरी विकास कुमार, योगेश फौगाट, सिकंदर प्रधान, पिंकी, अजरूदीन, प्रतीक चौधरी, सतीश कुमार, नवीन यादव व रोहतक प्रधान सुशील हुड्डा पर की गई है। वहीं, सुशील हुड्डा का कहना है कि उनकी मां बीमार थी तो नवदीप ने कहा कि वह रैली में गए थे।

टीचर मनीषा डेथ केस : डीएसपी व एएसआई का हो सकता है नार्को टेस्ट

पंचकूला। भिवानी की टीचर मनीषा की मौत के मामले में सीबीआई कोर्ट ने डीएसपी और महिला एएसआई की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। अब सच्चाई जानने के लिए तत्कालीन डीएसपी व महिला एएसआई के सहमति से तीन तरह के टेस्ट कराए जा सकते हैं। इसके लिए पहले अधिकारी सवालों की एक लिस्ट तैयार करेंगे। इसके बाद नार्को टेस्ट, ब्रेन फिंगर प्रिंटिंग और बीईओएस टेस्ट के जरिए मामले से जुड़ी जानकारी जुटाने की कोशिश की जाएगी। कोर्ट में अगली सुनवाई 23 दिसंबर को होगी। इसी दिन सीबीआई के अधिकारियों को मामले में हुई प्रगति की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करनी होगी। बता दें कि 13 अगस्त 2025 को मनीषा की लाश नहर किनारे खेत में मिली थी।

जनप्रतिनिधि सम्मेलन में उभरे विचार संविधान पखवाड़े के कार्यक्रमों का बनेंगे आधार : कल्याण

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन में जो महत्वपूर्ण विचार और विषय उभरकर सामने आए हैं, वे बीज मंत्र के समान हैं। इन विचारों को व्यापक विमर्श का हिस्सा बनाने और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संविधान पखवाड़े के तहत विस्तृत कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया जाएगा। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि जनप्रतिनिधि सम्मेलन वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के सम्मान, उनके अनुभवों से सीखने और नई पीढ़ी की ऊर्जा एवं सोच को दिशा देने का एक सार्थक मंच साबित हुआ।



उत्तर रेलवे

ई–निविदा
खुली निविदा संख्या 34–अम्बाला/2026–27 दिनांक 02.11.2026

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	सहायक मंडल इंजीनियर/सहारनपुर के अंतर्गत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/W/L/ सहारनपुर के सेक्शन में, न्यू पिलखनी स्टेशन पर रनिंग रूम।	2,81,66,249	5,63,300	12 महीने	25.11.2026
2	विभिन्न NSG श्रेणी के स्टेशनों, यानी बुलुआना, पक्की, पंज कोसी, हिन्दुमलकोट और फतूही स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफॉर्मों का विस्तार और उन्हें ऊंचे स्तर तक उठाना।	9,98,45,359	19,96,900	12 महीने	25.11.2026
3	एडीईएन/यूएमबी के तहत अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर टीडब्ल्यूएस/सीएमएससी /टीएसआर कार्य सहित टर्नआउट नवीनीकरण (टीटीआर) के माध्यम से।	1,87,02,930	3,74,100	12 महीने	25.11.2026
4	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/चतुर्थ/अंबाला के अंतर्गत कौली, न्यू मोरिंडा, मोरिंडा, कुराली और भानुपली स्टेशनों पर, मौजूदा FOB के साथ रैंप की व्यवस्था की जाएगी, ताकि इन स्टेशनों को दिव्यांगजनों के लिए सुलभ बनाया जा सके।	6,52,69,451	13,05,400	12 महीने	25.11.2026
5	अंबाला स्टेशन पर लाइन संख्या 2 और 6 (1165) पर बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान।	9,37,27,484	18,74,600	12 महीने	25.11.2026
6	चंडीगढ़ में लाइन संख्या 5 और 6 (प्रत्येक 600 मीटर) पर बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान।	9,75,62,497	19,51,300	12 महीने	25.11.2026

नोट :— 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड (अनुबंध IV) के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई—निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास— II) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3841/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केन्द्र, रामनगर (कुरूक्षेत्र)
उद्यान विभाग, हरियाणा

(Email-ibdcramnagar@gmail.com)

INDO-ISRAEL training on "Beekeeping Management: A Full Value Chain हेतु कोटेशन एकत्रित करने बारे सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस केन्द्र द्वारा दिनांक 17-19 नवम्बर, 2026 को उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी (करनाल) में INDO-ISRAEL training on "Beekeeping Management: A Full Value Chain प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। उक्त आयोजन के दौरान प्रशिक्षण कीट की व्यवस्था की जानी है:

Sr.No.	Particular	Qty.	Price (Including GST)
1.	T-shirt 190 GSM Dryfit (Size L, XL,XXL) with IBDC Logo	50	
2.	Diary (100-150 pages, premium hard bound A-5 executive diary) with IBDC Logo	50	
3.	Ball Pen, Metalic Material with IBDC Logo	50	
4.	Water Bottle (Capacity 500ML, single valve, stainless steel with IBDC Logo	50	
5.	Jute Confrence Bag, Size-11X16 Inch (100% Eco friendly jute) with IBDC Logo	50	

नोट:- कोटेशन के साथ उक्त सामान का 01 सैम्पल उपलब्ध करवाना होगा।
उक्त कार्य के लिए इच्छुक फर्म दिनांक 06.11.2026 को सुबह 11:00 बजे तक सील बन्द कोटेशन इस कार्यालय में ई-मेल / भौतिक तौर पर भेजें। अधिक जानकारी के लिए श्री कुलदीप, लिपिक, मोबाईल नं0 70826-39582 पर सम्पर्क करें।

हस्ता/- उप-निदेशक उद्यान
आई.बी.डी.सी., रामनगर।

पीआरडीएच-1149/11/1268/2027/50736/88/6 दि. 03.11.26

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER MUNICIPAL COUNCIL KANKER

S.No. 1046/PWD/ONLINE TENDER — Kanker/Dated 03.11.2026

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

S. No.	NIT. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor	Last Date and Time For Downlode Tender
1	1040	203327 (1st Call)	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Dudhawa Talab, at Ward No. 19 Kanker, Chhattisgarh under AMRUT 2.0.	Rs. 427.38	Rs. 2.14	In Class B or Above	25.11.2026 till 5.30 pm
2	1042	203356 (2nd Call)	Construction of CC Top And RCC Drain on bus stand at Nagar pali-ka kanker under Adhosarchna Budget	Rs. 125.82	Rs. 0.95	In Class C or Above	25.11.2026 till 5.30 pm

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03.11.2026 at 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council KANKER
District- North Bastar Kanker (C.G.)

एनकोर एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड

5वां तल, प्लॉट नंबर 137, सेक्टर-44 | गुरुग्राम-122002 फोन : 0124 - 4527200

परिशिष्ट-IV (नियम 8(1) देखें)
कब्जा सूचना

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड (नियोजक) के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के अंतर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक डिमांड नोटिस दिनांक 24.04.2025 जारी किया था, जिसमें कर्जदार मै. जगदीश किरयाना स्टोर (कर्जदार), श्री जगदीश राय (सह-कर्जदार), श्री अंकुश बंसल (सह-कर्जदार) एवं श्रीमती सोनिया (सह-कर्जदार/गिरवीकर्ता) को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर, 09.04.2025 से सम्पूर्ण बकाया राशि का पूर्ण रूप से भुगतान करने तक भविष्य के ब्याज सहित 08.04.2025 के अनुसार सूचना में वर्णित राशि रु. 1,21,67,514/- (रुपए एक करोड़ इक्कीस लाख सड़सठ हजार पांच सौ चौदह केवल) का पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया गया।

और चूंकि, एनकोर एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एनकोर एआरसी) ने नियोजक द्वारा प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण (सरफेसी अधिनियम, 2002) की धारा 5 के तहत किए गए समनुदेशन एग्रीमेंट दिनांक 30.06.2025 के तहत कर्जदार की वित्तीय परिसम्पत्तियों में नियोजक के समस्त अधिकार, स्वामित्व एवं हित अर्जित कर लिए हैं।

कर्जदार(रों)/गारंटर/सह-कर्जदार/सह-आवेदक एवं गिरवीकर्ता द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, एनकोर एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्रा. लि. का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर/सह-कर्जदार/सह-आवेदक एवं गिरवीकर्ता को और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत मुझको प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा 31.10.2026 को अधोहस्ताक्षरी ने ले लिया है।

कर्जदार(रों)/गारंटर/सह-कर्जदार/सह-आवेदक एवं गिरवीकर्ता को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः सम्पत्ति के साथ कोई डील न करने की एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग 30.10.2026 से वसूली तक भविष्य के ब्याज, अनुबंधात्मक दर चार्जेज और लागतों सहित 29.10.2026 के अनुसार राशि रु. 1,43,28,496/- (रुपए एक करोड़ तैंतालीस लाख अट्ठाईस हजार चार सौ छियानवे केवल) हेतु एनकोर एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार(रों)/गारंटर/सह-कर्जदार/सह-आवेदक एवं गिरवीकर्ता का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का वर्णन

रेलवे रोड, अप्रोच रोड, रोहतक, हरियाणा-1240001 में स्थित संपत्ति आईडी नं. 95C550U15, माप 70 वर्ग गज के सभी भाग एवं हिस्से।
सीमाएं :
उत्तर : 16 फीट 6 इंच - सुनारा मार्केट, दक्षिण : 16 फीट 6 इंच - गली, पूर्व : 38 फीट 0 इंच - होटल अमित, पश्चिम : 38 फीट 0 इंच - सुरेश मित्तल की संपत्ति
उक्त संपत्ति से जुड़े सभी सुखाधिकारों (ईजमेंट अधिकारों) सहित तथा उस पर वर्तमान में निर्मित एवं निर्मित होने वाले सभी भवनों एवं संरचनाओं के साथ-साथ भूमि से जुड़े अथवा भूमि से जुड़ी वर्तमान और भविष्य दोनों में किसी वस्तु के साथ स्थाई रूप से लगाए गए सभी फिटिंग्स, फिक्स्चर, संयंत्र एवं मशीनरी सहित।

दिनांक : 31.10.2026
स्थान : रोहतक, हरियाणा

श्री सचिन कुमार (प्राधिकृत अधिकारी)
एनकोर एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
(इंएआरसी-बैंक-035-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में इसकी क्षमता में कार्य करते हुए)

खड़े-खड़े 50 लाख का तेल पी गईं चार एंबुलेंस, जांच को कमेटी गठित

- फरीदाबाद बीके अस्पताल में बड़ा गोलमाल आया सामने

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

फरीदाबाद बीके अस्पताल में लंबे समय से खड़ी चार एंबुलेंस पर लगभग 50 लाख का डीजल खर्च हो जाने के गोलमाल का मामला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में आने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया गया है कि चार एंबुलेंस अपने स्थान से हिली तक नहीं जबकि उनके तेल खर्च के नाम पर फ्यूल कार्ड पर लगातार एंट्री की गई। एनएचएम डीजी (महानिदेशक नेशनल हेल्थ मिशन) की ओर से जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। उक्त पूरे मामले में जांच कमेटी को पांच कार्यदिवस के अंदर-अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का आदेश है। उक्त पूरे मामले में चार सदस्यों की कमेटी गठित हुई है, जिसमें डीडी प्रशासन, एनजीओ प्रदेश कोर्डिनेटर के अलावा मुख्य लेखाधिकारी के अलावा रेफरल ट्रांसपोर्ट के मामलों को देख रहे हिसार के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी हिसार को शामिल किया गया है। खास बात यह है कि पांच नवंबर तक

रोहतक
बुधवार 4 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 272
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.5°C
न्यून. 14.1°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



5 महिला टी20: प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक

खबर संक्षेप

नीट पीजी में रैंक को मिलेगा अधिक महत्व

नई दिल्ली। मेडिकल पीजी में दाखिले की प्रक्रिया 2027 से बदल सकती है। समिति की रिपोर्ट के बाद रैंक आधारित दाखिला व्यवस्था को अधिक महत्व देने की चर्चा तेज हो गई है।



क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल में भारी कटौती के विवाद के बाद केंद्र की विशेषज्ञ समिति ने समीक्षा की है। बदलाव लागू होने पर काउंसलिंग की पात्रता और खाली सीटें भरने के नियम बदल सकते हैं। *एजेंसी*

दीया का दिवाली वीडियो अपलोड करें : हाईकोर्ट

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को एक्ट्रेस दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करने का आदेश दिया है।



इस वीडियो में दीया ने लोगों से ग्रीन पटाखे जलाने और सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे न फोड़ने की अपील की थी। कोर्ट ने कहा- संविधान नागरिकों से धर्मनिरपेक्ष भावना बनाए रखने की अपेक्षा करता है। पर्यावरण के लिए जागरूकता फैलाने वाले वीडियो पर राजनीतिक विवाद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। *एजेंसी*

प्रदर्शन करने वाले एसीपी मनस्वी वशिष्ठ सस्पेंड

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मनस्वी वशिष्ठ को सस्पेंड कर दिया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर हुए पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन के बीच की गई है। सोमवार को करीब 150 पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर जुटे थे। उन्होंने वशिष्ठ और थाना प्रभारी अरुण कुमार का ट्रांसफर रद्द कर उन्हें पुरानी पोस्टिंग पर वापस भेजने की मांग की थी। *एजेंसी*



अनिल ग्रुप की 510 करोड़ की संपत्ति कुर्क

मुंबई। ईडी ने बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप पर एक बार फिर बड़ा कानूनी शिकंजा कसा है। समूह से जुड़ी कंपनियों के बैंक फ्रॉड मामलों में 510.17 करोड़ मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इनमें दो निजी विमान भी शामिल हैं। इस मामले में जब्त कुल परिसंपत्तियों का आंकड़ा अब 23,100 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। *एजेंसी*



राशिद की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख उर्फ इंजीनियर राशिद की जमानत याचिका का विरोध किया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि राशिद ने मामले के कुछ गवाहों को प्रभावित किया है, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने राशिद की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। *एजेंसी*



ट्रैवल एजेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी, नई लैंड पूलिंग पॉलिसी मंजूर

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कैबिनेट मीटिंग में कुल 7 एजेंडे रखे गए थे। सभी एजेंडों पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से ठगी रोकने के लिए ट्रैवल एजेंटों का रजिस्ट्रेशन जरूरी करने, नई लैंड पूलिंग पॉलिसी-2026 लागू करने और अधिसूचित ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) पॉलिसी में संशोधन को मंजूरी दी गई।

ट्रैवल एजेंट्स ब्योरा डिजिटल होगा

अवैध तौर पर युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले ट्रैवल एजेंट्स पर शिकंजा कसने का फैसला भी लिया गया। प्रदेश में ट्रैवल एजेंटों के का पंजीकरण अनिवार्य हो गया है, साथ ही जितने भी दफ्तर खोले जाएंगे सभी का अलग अलग पंजीकरण कराना जरूरी होगा। उनका सारा ब्योरा भी डिजिटल किया जाएगा ताकि आम नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर संबंधित एजेंट के पंजीकरण की प्रामाणिकता जान सकेंगे।

संशोधित लाइसेंस नवीनीकरण प्रावधान

बैठक में नई एकीकृत लाइसेंसिंग नीति (एनआईएलपी)-2022 के खंड 9.2 में संशोधन को मंजूरी दी गई। इसके तहत परियोजनाओं के पूरा होने और लाइसेंस के नवीनीकरण से जुड़े प्रावधानों में संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधान के अनुसार, परियोजनाओं को पांच वर्षों के भीतर पूरा करना होगा। यदि कोई परियोजना इस अवधि के भीतर पूरी नहीं होती है, तो उसके लाइसेंस का नवीनीकरण, लागू लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क के भुगतान पर हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन नियम, 1976 के नियम 13 के अनुसार किया जाएगा।

कैबिनेट बैठक में कई फैसलों पर मुहर



26 को एक दिन का विशेष सत्र बुलाया

- सीएम सैनी की अध्यक्षता में कुल 7 एजेंडे रखे
- एक दिन के विशेष सत्र में संविधान के महत्व और मूल्यों पर विधानसभा में होगी चर्चा
- 629 गोशालाओं के लिए 86.95 करोड़ दिए

हरियाणा लोक सेवा आयोग विनियम 2002 में संशोधन को स्वीकृति

हरियाणा लोक सेवा आयोग (राज्य सेवा समूह-ग) विनियम, 2002 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इन संशोधनों का उद्देश्य आयोग में नवसृजित ग्रुप-सी पदों को शामिल करना और मौजूदा प्रावधानों को नवीनतम सरकारी नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप बनाना है।

कॉलेज कैडर ग्रुप-सी सेवा नियमों में संशोधन

बैठक में हरियाणा शैक्षणिक कॉलेज कैडर (ग्रुप-सी) सेवा नियम, 1986 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इसके तहत जूनियर लेक्चरर असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करने के साथ-साथ सेवा संबंधी अन्य प्रावधानों को भी अद्यतन किया गया है।

टीडीआर पॉलिसी में संशोधन

मंत्रिमंडल की बैठक में हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) प्रदान करने और उसके उपयोग से संबंधित 16 नवंबर, 2021 की नीति में संशोधनों को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य टीडीआर प्रमाण-पत्रों के मूल्यांकन, हस्तांतरण और उपयोग से जुड़े मुद्दों का समाधान करना तथा प्रदेशभर में बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सुगम बनाना है।

भू-मालिकों को मिलेगा विकसित क्षेत्र का 50 फीसदी हिस्सा

बैठक में लैंड पूलिंग पॉलिसी-2026 को मंजूरी प्रदान की गई। यह नीति मौजूदा लैंड पूलिंग पॉलिसी-2022 का स्थान लेगी। नई नीति का उद्देश्य विकास परियोजनाओं में भू-मालिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। नई नीति के तहत, भू-मालिकों को स्वीकृत लेआउट प्लान के अनुसार परियोजना के कुल बिक्री योग्य क्षेत्र का 50 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत हिस्सा विकास एजेंसी के पास रहेगा। भू-मालिकों के हिस्से का निर्धारण बाजार मूल्य से जोड़ने संबंधी पहले के प्रावधानों को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार गौशालाओं के विकास और गौवंश संरक्षण की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस प्रदेश की 629 गोशालाओं को 86 करोड़ 95 लाख की राशि प्रदान की गई है।

सिरसा से यूपी ले जा रहे 25000 जिंदा कारतूस रोहद टोल पर पकड़े

रोहतक एसटीएफ की टीम को बड़ी सफलता | एक युवती समेत 5 युवक गिरफ्तार | दो गाड़ियों की तलाशी के दौरान बरामदगी | बिहार से मिले इनपुट पर की गई कार्रवाई

बहादुरगढ़/रोहतक। हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की रोहतक टीम ने अवैध कारतूसों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सिरसा के गनहाउस से यूपी ले जाए जा रहे 24 हजार 980 जिंदा कारतूसों की खेप को झज्जर में रोहद टोल प्लाजा से पकड़ा। पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कारतूसों के अलावा आठ मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में इस मामले के तार उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। 3 नवंबर 2026 की सुबह एसटीएफ बिहार से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर एसटीएफ रोहतक की टीम ने जिला झज्जर के रोहद स्थित त्रिवेणी ढाबे के सामने सड़क किनारे खड़ी दो गाड़ियों टाटा हैरियर और हुंडई ओरा की तलाशी ली। तलाशी के दौरान टाटा हैरियर से केएफ 7.65 और बीएमएम केएफ बोर के 24,380 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस गाड़ी में तीन व्यक्ति सवार थे। वहीं, हुंडई ओरा से बीएमएम केएफ अंकित 600 जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे।



आरोपियों से आठ मोबाइल भी बरामद

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफीफुद्दीन उर्फ मुन्ना खान (49), आसिम रईस (33), सबलू खान (32), अरबाज अली (27) तथा जीनत (33), बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों गाड़ियों और बरामद कारतूसों सहित आठ मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया है। कारतूसों के संबंध में आरोपी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस संबंध में थाना असौधा, जिला झज्जर में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-बी)(ए) एवं 25 (8) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

बदायूं और सिरसा के गन हाउस से जुड़े तार

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अफीफुद्दीन उर्फ मुन्ना खान बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बदायूं गन हाउस संचालित कर रहा है। जांच में यह भी सामने आया है कि मुन्ना खान सिरसा गया था, जहां उसने स्थानीय निवासी विजय गोयल से कारतूसों का यह बड़ा जखीरा प्राप्त किया था। विजय गोयल सिरसा स्थित महक गन हाउस का मालिक बताया जा रहा है। एसटीएफ हरियाणा द्वारा एसटीएफ बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर कारतूसों के वास्तविक स्रोत, उनकी आपूर्ति और वितरण नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच की जा रही है। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका और अवैध कारतूसों की आपूर्ति के अंतरराज्यीय तंत्र की भी पड़ताल की जा रही है।

लल्टू की गिरफ्तारी से मिला अहम सुराग

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले एसटीएफ बिहार पुलिस ने भोजपुर जिले में इसी प्रकार के एक मामले का खुलासा करते हुए लल्टू नामक व्यक्ति और उसके साथियों को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से लगभग 20,000 कारतूस बरामद हुए थे। पूछताछ में सामने आया कि लल्टू, अफीफुद्दीन उर्फ मुन्ना खान के निकट संपर्क में था और उससे कारतूस प्राप्त किए थे। बिहार एसटीएफ से मिले इसी महत्वपूर्ण इनपुट के आधार पर हरियाणा एसटीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झज्जर के रोहद में छापेमारी की और कारतूसों की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता हासिल की।

एक स्थान पर अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आप हमेशा के लिए जगह पर कब्जा नहीं कर सकते। वहां किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जाएंगे? सभी को प्रदर्शन करने का अधिकार है। पीठ सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, इनमें प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई, लोगों की हिरासत, निगरानी, प्रदर्शन स्थलों और कारोबारियों को हुए नुकसान से जुड़े मामले शामिल हैं।



ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी

व्यापारियों ने कहा- त्योहारों में 2000 करोड़ का नुकसान

सुनवाई के दौरान दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण दिल्ली में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। त्योहारों के सीजन में दुकानें बंद रहीं और बिक्री घट गई। उन्होंने दावा किया कि कारोबारियों को करीब 2,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अगर त्योहारों के सीजन में बिक्री नहीं होगी तो व्यापारियों और उनसे जुड़े लोगों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कोर्ट से अगले दो महीने तक किसी भी तरह के प्रदर्शन या धरने पर रोक लगाने की मांग की।

सिरसा में सौतेले भाई को कुल्हाड़ी से काटा सिर में डंडे बरसाए

35 एकड़ जमीन विवाद में कांग्रेस नेता की हत्या

सिरसा। जिले में करीब 35 एकड़ जमीन विवाद को लेकर युवा कांग्रेस नेता की मंगलवार को हत्या कर दी गई है। घटना में पिता भी घायल हो गया। हत्या का आरोप सौतेले भाई गुरलाल सिंह पर लगा है। आरोपी भाई वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। मृतक की पहचान गांव कालांवाली निवासी लवप्रीत सिंह के रूप में हुई है जो कि युवा कांग्रेस का हलका इंजार्ज था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि लवप्रीत सिंह व उसके सौतेले भाई में जमीनी विवाद चल रहा था।

- कालांवाली में युवा हल्का इंचार्ज थे लवप्रीत सिंह
- कई बार पंचायत हुई, नहीं हो पाया जमीन का बंटवारा

खेत में दोनों पक्षों में झगड़ा

मंगलवार को दोनों पक्षों का खेत में झगड़ा हुआ। आरोप है कि हमले में लवप्रीत सिंह की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमले में पिता नाजम सिंह भी घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार नाजम सिंह के पास करीब 35 एकड़ जमीन है। इसी जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में पिछले लंबे समय से विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन समाधान नहीं निकला

तूफान मुरासु से आंध्रप्रदेश में भारी तबाही, 30 फ्लाइट्स रद्द

- 12 घंटे तक तेज हवाओं और बारिश का अलर्ट
- 3 जिलों में रेड अलर्ट, हजारों पेड़-बिजली के पोल गिरे

भुवनेश्वर/अमरावती/चेन्नई। आंध्रप्रदेश के तट से टकराया चक्रवाती तूफान मुरासु तेलंगाना की ओर चला गया है। कई इलाकों में भारी तबाही मचाई है। राहत की बात ये है कि इसकी तीव्रता 100 किमी प्रति घंटा से कम होकर 60 किमी प्रतिघंटा हो गई है। इसका एक हिस्सा अब भी आंध्र के तट से गुजर रहा है, जिससे विजयवाड़ा समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मंगलवार शाम तक तेज हवाएं चलने और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुरासु सोमवार रात करीब 1 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मंगलवार सुबह 5:30 बजे तूफान का केंद्र तट पार कर गया। तेज हवाओं से हजारों पेड़ उखड़ गए और बिजली के सैकड़ों खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। कई नावों को भी नुकसान पहुंचा। भारी बारिश से सड़कें डूब गईं और हाईवे पर वाहन फंस गए।



इंडिगो फ्लाइट में इमरजेंसी दरवाजे से छेड़छाड़, केस

पुणे (एजेंसी)। दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट में सोमवार को पैसेंजर ने इमरजेंसी दरवाजे के लीवर से छेड़छाड़ की। इससे उड़ान के दौरान अलार्म बज गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना फ्लाइट 6ई6884 में हुई। पुलिस के मुताबिक, यात्री गौरव सत्येंद्र रौतेला (33) पुणे का रहने वाला है और इमरजेंसी दरवाजे के पास बैठा था। फ्लाइट ने सोमवार रात करीब 12.45 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। यह करीब 2 बजे पुणे पहुंची। क्रू मेंबर की शिकायत पर पैसेंजर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, टेकऑफ के कुछ समय बाद पैसेंजर ने इमरजेंसी दरवाजे के लीवर पर लगे कवर से छेड़छाड़ की। इससे अलार्म बज गया। पुलिस ने आरोपी पैसेंजर को नोटिस जारी किया है।

- दिल्ली से पुणे जा रहा था प्लेन, लीवर छूने पर बजा अलार्म
- यात्रियों में मची अफरा-तफरी

नेपाल में लैंडिंग के दौरान टकराए दो हेलीकॉप्टर

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों हेलीकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलीकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हुई है। इसी हेलीकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल घायल हुए हैं। वे भारतीय मूल के हैं।

- भारतीय पर्यटक की गई जान
- न्यूजीलैंड का नागरिक और दोनों पायलट जखमी

श्रीनगर से सांसद मेहंदी ने छोड़ी नेशनल कॉन्फ्रेंस

श्रीनगर (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस से श्रीनगर के सांसद आगा रूहुल्लाह मेहंदी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने संसद की सदस्यता भी छोड़ने का ऐलान किया। मंगलवार को बडगाम में जनसभा करके उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस्तीफे पर हस्ताक्षर किए। रूहुल्लाह ने कहा कि यह आजादी का फैसला है। मैं एक शहीद की विरासत और पाक खून की नस्ल का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं अपनी आजादी के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहा हूं। आज दोपहर 2:40 बजे से मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा नहीं हूं। उन्होंने बडगाम में पिता आगा सैयद मेहंदी की 26वीं पुण्यतिथि पर जनसभा बुलाई थी। रूहुल्लाह ने बताया कि वे अपना इस्तीफा मुहम्मद अशरफ मट्टू के जरिए पार्टी को भेजेंगे।

- संसद की सदस्यता छोड़ने का भी ऐलान
- 24 विधायक भी पार्टी छोड़ने की दे चुके धमकी

नाम ड्रॉफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं तो फॉर्म-6 भरें

चुनाव आयोग बोला- नहीं होगा केस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपका नाम एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं है, तो आप फॉर्म-6 भरकर दोबारा नाम जुड़वा सकते हैं। मंगलवार को चुनाव आयोग ने कहा चाहे आप 10 साल से वोटर रहे हों, फिर भी फॉर्म-6 ही भरना होगा। इसको झूठा शपथ पत्र नहीं माना जाएगा, न ही कोई केस होगा। यह फैसला उनके लिए मददगार होगा, जिनका नाम एसआईआर के दौरान काट दिया गया। दरअसल, फॉर्म 6 में लिखना पड़ता है कि मेरा नाम पहली बार वोटर लिस्ट में जोड़ा जा रहा है। कानूनी पेंच की वजह से फॉर्म-6 पर सेक्शन 31 के तहत लिखा होता है- गलत जानकारी दी तो 1 साल तक की सजा। लोग सोच रहे थे-हम तो पुराने वोटर हैं, पहली बार वाला कॉलम टिक करेंगे तो केस हो जाएगा। इस डर से लाखों लोग फॉर्म नहीं भर रहे थे। चुनाव आयोग ने कहा कि ये डर निकाल दीजिए, हम इसे फॉल्स डिक्लरेशन नहीं मानेंगे।

- झूठा शपथ पत्र नहीं माना जाएगा और न ही कोई कार्रवाई होगी
- डर से लाखों ने नहीं भरे थे फॉर्म

टेस्ट सफल, 500 किलोमीटर दूर 2 टारगेट किए तबाह

भारत ने पहली बार दागीं एक लॉन्चर से 2 मिसाइलें

चांदीपुर (एजेंसी)। डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले 2 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है।

पाकिस्तान बॉर्डर पर होगी तैनात

दिशा का पता लगाना होता है मुश्किल

आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ एलओसी पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं।



युद्ध में दुश्मन के पास रिएक्ट करने का टाइम नहीं मिलेगा। पाकिस्तान का एक एयरबेस और उसका रडार-दोनों 500 किमी दूर से एक ही ट्रक से तबाह हो जाएंगे।

एक साथ कई फायर

साल्वो का मतलब एक साथ कई फायर। नॉर्मल टेस्ट में एक लॉन्चर से एक मिसाइल जाती है, टारगेट हिट करती है। साल्वो टेस्टिंग में एक ही लॉन्चर से 30-60 सेकंड के अंतर में दो मिसाइलें दागी जाती हैं, दोनों का टारगेट अलग होता है।

मुश्किल क्यों है: पहली मिसाइल के निकलते ही लॉन्चर हिलता है, धुआं, हीट और वाइब्रेशन पैदा होता है। उसी हिले हुए लॉन्चर से दूसरी मिसाइल को सटीक जाना होता है। अगर नेविगेशन सिस्टम में जरा भी एरर आया तो दूसरी मिसाइल फेल। इसलिए दुनिया में साल्वो टेस्ट को फाइनल यूजर ट्रायल माना जाता है।

खबर संक्षेप

पबजी छोड़ पढ़ाई करने की बात पर भाई से विवाद किशोर नहर में कूदा



करनाल। रामनगर क्षेत्र में फोन पर पबजी खेलने रोकने पर भाई से हुए विवाद के बाद 15 वर्षीय किशोर के पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा दी। किशोर की पहचान शास्त्री नगर निवासी प्रिंस के रूप में हुई है। वह नौवीं कक्षा में पढ़ता था। पुलिस और गोताखोरों की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। सोमवार शाम 7 बजे प्रिंस शास्त्री नगर से कच्चे रास्ते होते हुए नहर तक पहुंच गया। उसका भाई सोनू भी पीछे-पीछे वहां पहुंचा और उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रिंस हाथ छुड़ाकर नहर में कूद गया। सोनू ने बताया कि प्रिंस 3 से मोबाइल पर गेम खेल रहा था।

'जल संजीवनी' के द्वितीय संस्करण का विमोचन

चंडीगढ़। कैबिनेट रणबीर गंगवा ने मंगलवार को सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा की पुस्तिका 'जल संजीवनी' के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तिका के प्रकाशन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इसमें विभाग की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और जनहित में किए जा रहे कार्यों को बेहतर ढंग से संकलित किया गया है।

महंत से अभद्रता, श्रद्धालुओं ने किया चौकी का घेराव

अंबाला। अंबाला छावनी में हाथी खाना मंदिर के महंत से कथित अभद्रता के विरोध में कई शिव भक्त और स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए। उन्होंने डॉग लवर वंशिका के खिलाफ नारेबाजी की और हाउसिंग बोर्ड पुलिस चौकी का घेराव किया। कुछ दिन पहले मंदिर परिसर से लावारिस कुत्ते के पिल्लों को प्रबंधन ने सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया था। आरोप है कि इसी बात से खफा वंशिका लांबा ने महंत से अभद्रता की। पुलिस ने वंशिका लांबा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रदेश में 50 हजार किलोग्राम मिलावटी मिठाई व पनीर नष्ट

1,288 सैंपल भरे, जांच में 170 फेल; 30 खाने योग्य नहीं मिले

चंडीगढ़। त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी रोकने के लिए हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्रवाई करते हुए अब तक 50,000 किलो मिलावटी मिठाई और पनीर नष्ट कराया है। विभाग ने प्रदेशभर से मिठाई, मावा, दूध, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों के कुल 1,288 सैंपल लिए हैं। इनमें से 861 सैंपल की प्रयोगशाला जांच पूरी हो चुकी है। जांच में 170 सैंपल निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे। इन 170 सैंपल में 140 सब-स्टैंडर्ड यानी घटिया गुणवत्ता के पाए गए, जबकि 30 सैंपल मानव उपभोग के लिए असुरक्षित मिले। इस तरह जांचे गए कुल सैंपल में करीब 20% मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए हैं। अभियान के दौरान अब तक प्रदेशभर से कुल 1,288 सैंपल एकत्र किए जा चुके हैं। इनमें से 861 सैंपल की प्रयोगशाला जांच पूरी हो चुकी है, जबकि बाकी सैंपल की जांच होनी है। प्रयोगशाला जांच में 861 सैंपल में से 170 मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें 140 सैंपल सब-स्टैंडर्ड यानी निर्धारित गुणवत्ता से कम पाए गए।

वहीं, 30 सैंपल मानव उपभोग के लिए असुरक्षित मिले। इस तरह जांचे गए कुल सैंपल में करीब 20% में गुणवत्ता संबंधी खामियां मिली हैं। विभागीय कार्रवाई के दौरान अब तक 50,000 किलो मिलावटी मिठाई और पनीर भी नष्ट कराया जा चुका है।



स्वास्थ्य से समझौता नहीं करेगी सरकार

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि राज्य सरकार और विभाग प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा से किसी भी हालत में समझौता नहीं करेंगे। हरियाणा में मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

25 क्विंटल मिलावटी मिठाई नष्ट की, दो वाहन इंपाउंड

बापौली। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश से दो पिकअप गाड़ियों में भरकर पानीपत लाए जा रहे दूध, मावा, रसगुल्ले व मिल्क केक की खेप को पकड लिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बेहद खराब थी और इन्हें पानीपत की मिठाई की दुकानों पर सप्लाई किया जाना था। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी डॉ. विक्रम ने बताया कि पुलिस टीम के साथ दोनों पिकअप में लदा खाद्य सामान कब्जे में लिया गया। विभाग ने मौके पर 200 किलो रसगुल्ले, 5 क्विंटल मावा, 10 क्विंटल दूध और 8 क्विंटल मिल्क केक जब्त किया। इनका कुल वजन 25 क्विंटल था, जब्त मिलावटी खाद्य पदार्थों को यमुना नदी किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवा कर उसमें डलवाकर डिस्पोज किया। इधर, पुलिस ने दोनों वाहन केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिए।

फरीदाबाद में 5 हजार किलो रसगुल्ले, 5,300 किलो बर्फी पकड़ी

फरीदाबाद। त्योहारों के दौरान मिलावटी मिठाई तैयार किए जाने की सूचना पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने एनआईटी-1 और बड़खल क्षेत्र में छापेमारी की। टीम ने मिठाई बनाने और बेचने वाली 2 जगहों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों जगहों पर करीब 10,300 किलो तैयार मिठाई मिली। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रसगुल्ले और बीकानेरी बर्फी के कुल 3 सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू की। डीएसपी विवेक चौधरी के नेतृत्व में टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार के साथ एनआईटी-1 स्थित सोनम फूड फैक्ट्री में औचक निरीक्षण किया। दोनों जगहों के संचालकों ने टीम को एफएसएसएआई के वैध लाइसेंस दिखाए। फिलहाल जांच में मिठाई में मिलावट की पुष्टि नहीं हुई है। विभाग के अनुसार, लैब रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गुरुग्राम में सीएम फ्लाइंग की रेड, दुकान से 586 किलो अवैध पटाखों समेत एक गिरफ्तार

गुरुग्राम। शहर में दिवाली से ठीक पहले सीएम फ्लाइंग स्क्वाड ने बादशाहपुर इलाके में चल रही एक दुकान पर रेड कर 586 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए हैं। सीएम फ्लाइंग की टीम ने गुप्त सूचना पर सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह, एएसआई धर्मबीर व बादशाहपुर थाना की महिला हेड कांस्टेबल सीमा की एक ज्वाइंट टीम बन रेड की। टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि अशोक नाम के व्यक्ति के प्लॉट में बने कमरे में राजकुमार नाम का किरायेदार पटाखे बेच रहा था। जब टीम ने उससे लाइसेंस या अनुमति के दस्तावेज मांगे, तो उसके पास नहीं मिले। पुलिस ने सभी पटाखों को डिब्बों और कट्टों में भरकर सील कर दिया। हेड कांस्टेबल सीमा की शिकायत पर बादशाहपुर थाना पुलिस ने आरोपी राजकुमार पर अग्निशमन या विस्फोटक से जुड़ी लापरवाही समेत इंडियन एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री पर होगी कार्रवाई

चंडीगढ़। दीपावली पर्व के मद्देनजर प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा पटाखों के कारण होने वाली आगजनी और अन्य अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए हरियाणा पुलिस ने व्यापक सुरक्षा तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। डीजीपी हरियाणा अजय सिंघल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों को पटाखों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले वर्षों में पटाखों के गोदामों, भंडारण स्थलों और खुदरा बिक्री केंद्रों पर आग लगने की घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही एहतियाती कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही, बिना वैध लाइसेंस पटाखों का निर्माण, भंडारण अथवा बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी।

फैक्ट्री की मशीन में फंसे युवती के बाल, खाल उखड़ने से मौत

पानीपत। शहर की एक फैक्ट्री में काम के दौरान एक युवती की मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। फैक्ट्री में एक मशीन खराब हो गई थी। युवती उसे ठीक करने मशीन के पास पहुंची तो उसके बाल मशीन में फंस गए। मशीन ने उसके सिर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसके सिर की खाल तक उखड़ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान यूपी के सीतापुर जिले की रहने वाली गीता (25) के रूप में हुई है। वह अपने माता-पिता के साथ पानीपत के कुलदीप नगर में रहती थी। गीता बालाजी फैक्ट्री में काम करती थी। उसके पिता बीमार रहते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। उसके जीजा दिवाकर ने बताया कि गीता के भाई की एक साल पहले मौत हो चुकी है। गीता ही अपने परिवार का खर्च उठाती थी। सोमवार शाम करीब 5 बजे वह फैक्ट्री में कंबल बनाने वाली पोलिशर मशीन पर काम कर रही थी। मशीन खराब हुई तो गीता उसे ठीक करने मशीन के पास पहुंची। इसी दौरान उसके बाल मशीन की चपेट में आ गए। बाल फंसने के बाद मशीन ने उसका सिर भी खींच लिया। एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे मशीन से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



पैर फिसलने से चलती ट्रेन से गिरा युवक, प्लेटफॉर्म के बीच फंसा

अंबाला। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया। युवक 15 मीटर तक ट्रेन के साथ ही घिसटता रहा। सुरक्षा में तैनात आरपीएफ जवानों ने तुरंत प्लेटफॉर्म पर पुहंचकर उसे बाहर निकाला। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें युवक ट्रेन में चढ़ता नजर आ रहा है। जैसे ही उसने पैर दरवाजे के पायदान पर रखा, वो तुरंत नीचे गिर गया। एक हाथ से उसने दरवाजे पर लगा हैंडल पकड़े रखा। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार मंगलवार दोपहर युवक मालवा एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच में फंस गया। उसे बचाने वाले आरपीएफ कॉन्स्टेबल अमित यादव का कहना है कि युवक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। उसे मालवाल एक्सप्रेस से ही रवाना कर दिया।

सूचना

मैं, संजय पुत्र श्री धनपत निवासी मकान नंबर-130, वार्ड नंबर-2, करतार पुरा, रोहतक, तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र भोला व पुत्रवधू रितू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोहरा अस्पताल, नजदीक नई अनाज मंडी, लोहारू रोड भिवानी, 1 जनवरी 2001 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के मरीजों के रिकॉर्ड को नियमानुसार नष्ट कर रहा है। यदि किसी मरीज का उक्त अवधि का रिकॉर्ड अस्पताल में उपलब्ध है और वह उसे प्राप्त करना चाहता है, तो वह अस्पताल प्रशासन से संपर्क कर अपना रिकॉर्ड 30 नवंबर, 2026 तक प्राप्त कर सकता है। इसके बाद रिकॉर्ड नष्ट किए जाने के बाद अस्पताल के लिए उक्त रिकार्ड उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा और इस संबंध में अस्पताल प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

डा. देवेंद्र बोहरा,
बोहरा अस्पताल, नजदीक नई अनाज मंडी, लोहारू रोड भिवानी (127021)
फोन : 9466893630, 9991027222

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-480, कार्य का नाम :** "अमृत भारत स्कीम के तहत मालदा टाउन स्टेशन (एईएन/मालदा टाउन) के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए फेज-I के अवशिष्ट कार्य" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 4,55,25,841.36, **बयाना राशि:** रु. 9,10,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 13.11.2026 से 27.11.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट:-www.ireps.gov.in और सूचना पट:- वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-234/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DDE NO 45 दिनांक 02.11.2026 धारा 194 बी.एन.एस. एस. थाना बहालगढ जिला सोनीपत ।



नाश की पहचान
नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम-नामालूम ।
पता- नामालूम ।
कद-5 फुट 2 इंच ।
उम्र-करीब 35 वर्ष।
हुलियाः रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, पानी में डूबने के कारण पूरा शरीर फुला हुआ, जीभ व आँखे बाहर निकली हुई। पहनावाः- ग्रे रंग का फूलदार सूट, हरे रंग की सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.11.2026 को एक नामपता नामालूम महिला की नाश NH44 से राठधाना रोड़ पर गाँव लिवासपुर के तालाब मे गली-सडी अवस्था में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घटें के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग/सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. न. - 7419410539
अनुसंधान कर्ता मो. न. - 9466711913
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-22229

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5567/2027/50762/88/6 दि. 03.11.2026

THE MEHAM COOP. SUGAR MILLS LTD. MEHAM (ROHTAK).

E-Tender Notice.

Original manufacturers/Distributors/Reputed & Experienced Contractors are required to submit their rates by e-tendering for following jobs/material - 1) WHR System at Sulphur Furnace, 2) Tube Cleaning Equipment's, 3) Nickel Screen, 4) Tube Cleaning Work,5) Insulation Work, 6) Purchase of Bagasse, 7) Hiring of Jaggery Expert, 8) Wooden chips, 9) Leasing of Vacant Land, 10) Cane Harvesting, Loading & Transportation on Maharashtra Pattern, 11) Boiler Furnace ASH hole Cleaning work

The detailed tender form can be downloaded from e-tendering portal http://etenders.hry.nic.in as mentioned above items. The tender should reach online on or before 13/11/2026 at 09:00 AM through e-tendering portal http://etenders.hry.nic.in and same will be opened on 13/11/2026 at 09:30 AM & negotiation will be held on 16/11/2026 at 11:00 A.M. in office of undersigned. Purchase of Material and Job work will be made as per government policy. The mills management reserves the right to accept/reject any/all tender/tenders, item/items without assigning any reason.

Sd/-Managing Director

Horticulture Department Haryana

O/o District Horticulture Officer,
Narnaul, Mahendragarh
Add: Near Jethu Baba Mandir, Dharsu Road, Nasibpur, Narnaul
Email: dhonarnaul@gmail.com, Ph: 01282-260235

कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ द्वारा 02 दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 नवंबर 2026 व 18 नवंबर 2026 को कमशः जिला महेन्द्रगढ़ के गाँव-मण्डलाना व नानगवास, में किया जाना हैं। इन कार्यकम में प्रतिदिन 250 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस दौरान बागवानी से संबंधित विभिन्न योजनाओ के संबंध में कुल 500 किसानों को जानकारी प्रदान की जाएगी। इस दौरान बागवानी से संबंधित विभिन्न फर्मों / किसान संगठनो / व्यक्तिगत किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीक के बारे में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उपरोक्त कार्यक्रम में किसानों के लिए टेंटेज एवं जलपान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्न प्रकार से है :-

Sr. No.	Particulars	Venue/No. of Farmers
1.	**Tentage** (PVC Chair, Dunlop Chair, Sofa VIP, Center Table, Pandal, Colour Carpet, Red Carpet, Mike set, Podium, Stall Pandal, Stage, Galicha,) at program venue	Village - Mandlana Village - Nanagwas
2.	**Breakfast** (Paneeer Pakora (with packing) + Tea) Per day	250 farmers per day
3.	**Lunch** (02 Samosa + 04 Piece Motichur laddu + 01 Frooti small + 01 litre water) with packing Per day	250 farmers per day

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 13 नवंबर 2026 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर / ई-मेल (dhonarnaul@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। कार्यालय की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास रहेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 9991682848 पर संपर्क करें।

हस्ता/- जिला उद्यान अधिकारी
नारनौल

पीआरडीएच-1149/11/1270/2027/50747/88/6 दि. 03.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	अल्ट्रा हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी (यूपीएलसी/यूएचपीएलसी) सिस्टम की खरीद।	02.11.2026 23.11.2026	59 लाख	www.mdu.ac.in	9050236716 dir.ci@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50778/I/88/6 दि. 03.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हारट्रोन	डब्ल्यूसीडी, हरियाणा की ओर से 41 अदद मिड स्केल एआईओ कम्प्यूटर सिस्टम्स की अधिप्राप्ति।	03.11.2026 25.11.2026	ईएमडी रु. 80,000/-	https://etenders.hry.nic.in	1722704922 chhadwaraharitor@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50759/I/88/6 दि. 03.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक में सुनारियां जेल रोड पर एम.सी. क्षेत्र से इन्सिनीरेटर्स मशीन तक मृत जानवरों को उठाना और परिवहन।	02.11.2026 10.11.2026	-	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 enggrohtak@dhharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50741/I/88/6 दि. 03.11.26

मर्चेंट नेवी के जवान की साउथ अफ्रीका में मौत कंपनी ने बताया सुसाइड, साथी बोला-मर्डर हुआ

परिवार ने दोबारा पोस्टमॉर्टम कराया

भिवानी। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले मर्चेंट नेवी के जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह दक्षिण अफ्रीका में 'एबल सीमैन' के पद पर तैनात था। करीब 50 दिन बाद जब उसका शव भारत आया, तो परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए शव का दोबारा दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग रखी है। मृतक के चाचा ने बताया कि 14 सितंबर 2026 को शिपिंग कंपनी की ओर से परिवार को भतीजे की मौत की जानकारी दी गई और दावा किया गया कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि, जब उन्होंने भतीजे के साथ काम करने वाले चरखी दादरी निवासी कैप्टन साथी से बात की, तो उसने इसे हत्या बताया। इसके बाद परिवार ने सवाल उठाते हुए शिपिंग कंपनी से घटना के वक्त की तस्वीरें और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांगी, लेकिन कोई डिटेल नहीं दिया गया।

चाचा ने कहा- उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता। मौत की कोई अन्य वजह है, जिसे कंपनी छिपा रही है। परिवार चाहता है कि पीजीआई (PGI) में दोबारा पोस्टमार्टम करवाया जाए, ताकि मौत का असली कारण सामने आ सके। इसके साथ ही परिवार विदेश मंत्रालय से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। गांव मोहम्मदपुर निवासी अनिल ने बताया कि उसके 24 वर्षीय भतीजे रोहित ने चेन्नई की शिपिंग मैनेजमेंट डॉल्फिन कंपनी में मर्चेंट नेवी की नौकरी 2023 में जॉइन की थी। रोहित चार महीने घर पर तो 4 महीने ड्यूटी पर रहता था। 22 अगस्त को रोहित घर से ड्यूटी के लिए निकाला और 25 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका पहुंच था। वहीं, चरखी दादरी निवासी कैप्टन मोहित ने बताया कि वह रोहित के साथ ही शिप पर तैनात था। रोहित ने सुसाइड नहीं किया बल्कि उसका मर्डर हुआ है। उसने रोहित के शव को देखा था, उसके गले पर कोई निशान नहीं था। उसे ये पूरी एक साजिश लग रही है, जिसे सुसाइड का नाम दिया जा रहा है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

वृष व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

मिथुन लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

कर्क कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

सिंह रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

कन्या तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

तुला नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

वृश्चिक किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

धनु नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

मकर नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

मीन आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

शब्द पहेली - 6398



बाएँ से दाएँ
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली- 6397 का हल





खबर संक्षेप

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं



एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे। यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

लखनऊ में टीईटी परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (स्पेशल टीईटी-2026) मंगलवार को प्रदेश के छह मंडल मुख्यालयों पर सुचारू रूप से संपन्न हुई, जिसमें कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 87.92 प्रतिशत ने हिस्सा लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, परीक्षा की निगरानी के लिए पहली बार कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस नियंत्रण एवं कमान कक्ष के जरिए सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे कैमरों से निगरानी की गई।

जयपुर में बड़ी कार्रवाई 35 हजार लीटर घी जब्त

जयपुर। यहां फूड सिक्योरिटी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में करीब 35 हजार लीटर घी जब्त



किया। टीम ने एक मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग फैक्ट्री को भी सील कर दिया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत की। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री का निरीक्षण किया।

आज 'ई-फाइलिंग 3.0' पर कार्यशाला करेगी सरकार

नई दिल्ली। न्याय विभाग, कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से बुधवार को को 'ई-फाइलिंग 3.0: प्रक्रिया से व्यवहार तक' विषय पर कार्यशाला आयोजित होगी।



ई-कोर्ट्स मिशन मोड परियोजना के तहत होने वाली यह कार्यशाला विज्ञान भवन स्थित हॉल नंबर-5 में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल होंगे।

गुजरात में दो मजदूर बोलेरो में जिंदा जल गए

आलीराजपुर। गुजरात के अमरेली जिले में बोलेरो में आग लगने से आलीराजपुर के दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों वाहन के अंदर सो रहे थे। मंगलवार सुबह वाहन पूरी तरह जला मिला। मृतकों की पहचान कट्टीवाड़ा निवासी रवि कमलेशभाई (16) और नितिन रामसिंह (21) के रूप में हुई है। दोनों गुजरात के लीलिया तहसील के गुंदरन गांव में मजदूरी करने गए थे। रवि के पिता कमलेशभाई के मुताबिक, रात करीब 12:30 बजे नींद खुली तो वाहन आग की लपटों में घिरा था।

पीएम ने पुणे को 21 हजार करोड़ की दी सौगात-बोले

पहले गरीबी हटाने के नारे थे अब जमीन पर काम हो रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/पुणे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की कई पीढ़ियों ने गरीबी खत्म करने के वादे सुने हैं। पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई सिर्फ नारों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे खत्म करने के लिए जमीन पर काम हो रहा है। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। आज दुनिया में भारत की चर्चा दो और वजहों से हो रही है। पहली, दुनिया में मुश्किल हालात के बावजूद भारत सबसे तेज आर्थिक विकास करने वाला देश बना हुआ है। दूसरी, सिर्फ 10 से 12 साल में भारत के 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भी इसका जिक्र किया गया है। महाराष्ट्र में खराब मौसम से कई किसान परेशान हैं। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में जल संरक्षण के लिए काम हुआ है, लेकिन प्राकृतिक आपदा से किसानों को नुकसान हुआ है। इस मुश्किल समय में एनडीए सरकार किसानों की हर संभव मदद करेगी। देश के सैकड़ों छोटे शहरों को भी विकास के केंद्र के रूप में तैयार करना होगा।

नई मेट्रो लाइन से शहर के पुराने और नए इलाकों के बीच आवाजाही आसान होगी



- प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 10 से 12 वर्षों में भारत के करीब 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं।
- 2014 में एनडीए सरकार को काम करने का मौका मिला, तब शहरों में रहने वाले मिडिल क्लास की ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ ट्रांसपोर्टेशन को बेहतर बनाने का संकल्प लिया
- 2014 में देश में 248 किमी मेट्रो नेटवर्क था, जो अब बढ़कर 1,400 किलोमीटर हो गया है। पहले पांच शहरों में मेट्रो चलती थी, जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चलती है।

'पुणे के आईटी हब को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी'

मोदी ने कहा कि पुणे आईटी, ऑटोमोबाइल, फार्मा, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र है। यहां मेट्रो कनेक्टिविटी मजबूत होने से शहर के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि करीब 10 साल पहले उन्हें पुणे मेट्रो के पहले चरण का शिलान्यास करने का मौका मिला था। अब हिंजेवाड़ी से शिवाजीनगर के बीच मेट्रो शुरू होने से आई हब को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने नई लाइन के शिलान्यास का भी जिक्र किया और कहा कि इससे पुणे के पुराने और नए इलाकों के बीच संपर्क मजबूत होगा। आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और साथ ही सबसे तेजी से गरीबी कम करने वाला देश भी बन गया है।

बेंगलुरु में महिला के फेवीक्विक से हाथ चिपकाए, 4.5 लाख का मंगलसूत्र लूटा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु के इंदिरानगर में दिनदहाड़े एक जूते और बैग की मरम्मत करने वाली दुकान में लूट की वारदात हुई। यहां 40 साल के एक व्यक्ति ने 23 साल की महिला कर्मचारी को निशाना बनाया। आरोपी ने महिला के दोनों हाथ फेवीक्विक से चिपका दिए और उसके गले पर चाकू रखकर करीब 4.5 लाख का मंगलसूत्र छीन लिया। वारदात के समय महिला दुकान में अकेली थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। आरोपी ने उसे चाकू की नोक पर पकड़ लिया और भागने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया।

गले में चाकू रखकर बंधक बनाने की कोशिश की



दुकान के मालिक और वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उसने चाकू लहराया और दुकान के मालिक पर हमला कर दिया। इसके बाद वह मंगलसूत्र लेकर वहां से भाग निकला। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें आरोपी महिला को चाकू की नोक पर पकड़े हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो में आसपास लोग भी मौजूद हैं।

आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा गया



पुलिस ने लोगों की मदद से आरोपी को तलाश कर हिरासत में लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस उसके पुराने रिकॉर्ड और बैकग्राउंड की जांच कर रही है।

डीटीयू दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी, तीन पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में दाखिला कराने के नाम पर महिला से साढ़े आठ लाख रकी ठगी करने आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान यशराज बाजपेयी के तौर पर हुई है और उसने खुद को दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारी के तौर पर पेश किया था।

लुधियाना में बॉयफ्रेंड पर हमला, युवती ने दी जान



एजेंसी ▶▶| लुधियाना

लुधियाना में परिजन की तरफ से बॉयफ्रेंड पर गोलियां चलवाने से नाराज युवती ने जहर खाकर जान दे दी। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को घटना हुई। युवती के बॉयफ्रेंड ने बताया है कि वह अपने बर्थडे पर युवती से मिलने उसके घर गया था। उसे युवती ने केक काटने के लिए बुलाया था। इस दौरान ही युवती के भाई और मां ने हमला करवाया। उसकी थार पर फायरिंग की गई, ईंट-पत्थर भी मारे। युवती की मां चिल्लाई- मारो इसे, इसकी लाश जानी चाहिए यहां से। युवक वहां से किसी तरह जान बचाकर निकल गया था, लेकिन युवती ने नाराज होकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। हालांकि, युवती के भाई का कहना है कि युवक गली में आकर युवती को छेड़ता था। उससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। युवती के परिजन ने सीएमसी अस्पताल चौक जाम कर दिया है। वे बीच रोड पर बैठ गए हैं और मांग कर रहे हैं युवती को परेशान करने वाले युवक को गिरफ्तार किया जाए।

■ बर्थडे पर मिलने आया तो परिजन ने गोलियां चलवाईं

मोदी जी, देश विरोधी कौन बहस कीजिएः राहुल गांधी

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने फिर पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर 1.50 मिनट के वीडियो में कहा, '24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ।' राहुल ने कहा कि देशद्रोही कौन है?



विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, यूएस डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडाणी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन - ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिस पर खुलकर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ करीब 45 मानहानि के मुकदमे दर्ज हैं।

पंजाब के चीफ सेक्रेटरी को अवमानना नोटिस

नई दिल्ली। डीए (महंगाई भत्ता) के मामले में हाईकोर्ट ने पंजाब के चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा को अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने 17 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अब अगली सुनवाई पर सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि डीए से जुड़े मामले में अदालत के आदेशों का पालन क्यों नहीं किया गया। इससे पहले जुर्माना भी लगा था। आज सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट में केस की सुनवाई पेंडिंग क्यों है। इस पर मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील की सभी खामियां दूर कर दी गई हैं। इस पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है। अदालत ने कहा कि सरकार अब तक यह नहीं बता सकी कि आदेशों का पालन क्यों नहीं हुआ।

हाईकोर्ट ने सरकार से 17 नवंबर तक मांगा जवाब





त्रिपुरा में बीएसएफ जवानों को डंडे से पीटा, कंपनी कमांडर समेत 3 घायल



- सीएम माणिक साहा ने एक्स पर 4 आरोपियों की तस्वीरें शेयर कीं
- पुलिस ने नौ आरोपियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी/भाषा ▶▶| अगरतला

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले के आशाबाड़ी गांव में मंगलवार को बीएसएफ के 3 जवानों पर हमला कर किया गया। मामले में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी बिजॉय देबबर्मा ने कहा कि जो देश की सुरक्षा करते हैं, उनके साथ ऐसी घटना बेहद शर्मनाक है। मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हमले में बीएसएफ के कंपनी कमांडर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्रामीण सड़क जाम करके प्रदर्शन कर रहे थे। लोगों का आरोप था कि बीएसएफ जवानों ने एक स्थानीय निवासी के साथ मारपीट की और एक जवान तस्करी में शामिल है। टकराव तब और बढ़ गया, जब तीन जवानों को ले जा रही एक गाड़ी नाकेबंदी वाली जगह पर पहुंची। आरोप है कि भीड़ ने गाड़ी में जवानों पर लाठियों और डंडों से हमला कर दिया। बीते ढाई साल में जवानों पर हमले की ये तीसरी घटना है। सीएम माणिक साहा ने घटना की निंदा की और आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भीड़ ने गाड़ी में तोड़फोड़ की

पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने बीएसएफ की गाड़ी में तोड़फोड़ की और जवानों से हथियार छीनने की कोशिश की। पुलिस कुछ अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए कलामचौरा थाने ले गई है। सूत्रों के मुताबिक, हमलावरों में कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल थे। ये लोग आशाबाड़ी इलाके में रहकर सीमा पार तस्करी करते थे। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

उत्तरकाशी के केदारताल में लापता 2 ट्रैकरों के शव मिले

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर लापता 8 लोगों में से 2 के शव बरामद हुए हैं। इनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। बाकी 6 लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। 29 अक्टूबर को भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास हिमस्खलन और बर्फबारी की चपेट में आने से 8 लोग लापता हो गए थे।

एक पुरुष और एक महिला शामिल, 6 की तलाश जारी

रेस्क्यू टीमों को इससे पहले घटनास्थल के पास कुछ सामान भी मिला था। लापता लोगों में पश्चिम बंगाल के 5 ट्रैकर, उत्तर प्रदेश के 2 ट्रैकर और उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा शामिल थे। इस बीच गाइड के पिता मोहन राणा ने रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना को शामिल करने की मांग की है। उनका दावा है कि उनका बेटा और उसके साथी हिमस्खलन की चपेट में आए होंगे।

कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भर्ती घोटाला

आंसर-की लीक कर वसूले 35 करोड़ से बनवा रहे थे प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के गिरफ्तार चेयरमैन शिवशंकरप्पा साहूकार अपने गृहनगर में 35 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनवा रहे थे। इस कॉम्प्लेक्स में स्कूल, हॉस्टल, खेल का मैदान, मॉल और कन्वेंशन हॉल बनाने की योजना थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन भी तैयार कराए गए थे। यह कॉम्प्लेक्स कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर में साहूकार



की पत्नी के नाम पर मौजूद जमीन पर बनाया जाना था। ईडी ने यह भी बताया कि जनवरी में हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर लीक हुई आंसर-की के बदले रिश्वत देने वाले एक उम्मीदवार के पिता को प्रस्तावित स्कूल का केयरटेकर बनाने की योजना थी।

जालंधर में हनी सिंह के भतीजे को अंतिम विदाई, भीड़ उमड़ी

एजेंसी ▶▶| जालंधर

जालंधर में स्पीड रिकॉर्ड्स के मालिक दिनेश ओलक के बेटे दिवित ओलक को अंतिम विदाई दी गई। चिता को पिता दिनेश ओलक ने मुखाग्नि दी। इस दौरान हनी सिंह, सतिंदर सरताज, गिप्पी ग्रेवाल समेतई कई कलाकार पहुंचे। सिंगरों ने दिवित की अर्थी को कंधा दिया। दिवित की शनिवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। पार्टी के बाद सभी



दोस्त रेस लगाने लगे। इसी दौरान कार ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। हादसे में दिवित के साथ उसके दोस्त की भी मौत हो गई। दिवित का बड़ा भाई कनाडा में रहता है।

जिस बीमारी से सैकड़ों को बचाया उसी ब्रेन ट्यूमर ने ली डॉ. की जान

नई दिल्ली । मस्तिष्क विशेषज्ञ रहे और ब्रेन की सर्जरी कर सैकड़ों लोगों की जिंदगी बचाई। कितने लोगों के दिमाग के ट्यूमर को निकालकर नया जीवन दिया, लेकिन खुद ब्रेन ट्यूमर से हार गए। एसजीपीजीआई के पूर्व निदेशक एवं प्रख्यात न्यूरोसर्जन पद्मश्री डॉ. अशोक कुमार महापात्र ने सोमवार रात 9:15 बजे एम्स नई दिल्ली में आखिर सांस ली। वह 74 वर्ष के थे। डॉ. महापात्र लंबे समय ब्रेन कैंसर के सबसे खतरनाक रूप ग्लोबलास्टोमा से पीड़ित थे। हालत बिगड़ने पर पिछले माह दो अक्टूबर को उन्हें भुवनेश्वर से एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स लाया गया था, जहां ब्रेन स्ट्रोक के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया। प्रो. महापात्र का एसजीपीजीआई से गहरा नाता रहा है। वह 2006 से 2009 तक संस्थान के निदेशक रहे। उनके कार्यकाल में न्यूरो सर्जरी विभाग को नई पहचान मिली। एम्स भुवनेश्वर के संस्थापक निदेशक भी थे। डॉ. महापात्र ने ओडिशा के कंधमाल के जुड़े हुए सिर वाले जुड़वां बच्चों जगा-कालिया को 16 घंटे की सर्जरी की थी।



नहीं रहे पद्मश्री न्यूरोसर्जन डॉ. अशोक महापात्र

अमृतसर में हथियार-नशा तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़

12 अवैध पिस्तौल, 2 हैंड ग्रेनेड, हेरोइन और 33 कारतूस मिले, 11 तस्कर पकड़े

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशे की सप्लाई करने वाले तीन नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 अवैध पिस्तौल, 2 हैंड ग्रेनेड, 310.10 ग्राम हेरोइन और 33 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने अपने एक्स हैंडल पर इस कार्रवाई की जानकारी साझा की है।

ड्रोन से आती थी खेपः डीजीपी



डीजीपी के अनुसार, पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे हैंडलरों और गैंगस्टरों के संपर्क में थे। ये विदेशी हैंडलर ड्रोन के जरिए अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप भारत भेजते थे। इसके बाद आरोपियों के माध्यम से इन्हें आगे आपराधिक तत्वों तक पहुंचाया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी इन हथियारों का इस्तेमाल लोगों को डराने और रंगदारी वसूलने के लिए करते थे। रंगदारी की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों की ओर से लोगों के घरों और दुकानों पर फायरिंग की जाती थी। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि हथियारों की सप्लाई कहां से की जा रही थी।

तीन थानों में एफआईआर दर्ज

इस मामले में अमृतसर के थाना रणजीत एवेन्यू, थाना छेहरटा और थाना सुल्तानविंड में तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। हथियारों और नशे की सप्लाई से जुड़े पूरे नेटवर्क की पिछली और आगे की कड़ियों का पता लगाया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में 28 वर्षीय कथित मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 117 नशीली गोलियां और इंजेक्शन की 28 शीशियां बरामद कीं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पंकज उर्फ कौवा उर्फ कंची नशीले इंजेक्शनों और नशीली दवाओं की आपूर्ति करने के लिए रोहिणी के सेक्टर 30 में आएगा जिसके बाद उसे एक नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। वह 10 आपराधिक मामलों में शामिल है। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बुप्रेनॉर्फिन और नालोक्सोन की 117 गोलियां और फेनिरामाइन मैलिएट इंजेक्शन की 28 शीशियां बरामद की गईं।

कोर्ट की कार्रवाई

शीर्ष अदालत ने जांच की मांग वाली याचिका को खारिज किया

अयोध्या में राम मंदिर की जगह को लेकर हुई सुनवाई

राम मंदिर उसी जगह, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने दिया था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की जगह को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सोमवार को कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह इस मामले में सिविल कोर्ट जाएं। याचिका में सवाल उठाया गया था कि क्या राम मंदिर उसी जमीन पर बना है, जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने जमीन के रिकॉर्ड और दूसरे दस्तावेजों के आधार पर



इसकी पुष्टि कराने की मांग की थी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से एक स्वतंत्र समिति या आयोग बनाने की अपील की गई थी। इसमें सर्वे, राजस्व, पुरातत्व और अन्य तकनीकी क्षेत्रों के योग्य विशेषज्ञों को शामिल करने की मांग की गई थी। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की पीठ ने अयोध्या राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाते हुए विवादित जमीन राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट को सौंपने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सुन्नी वक्फ बोर्ड को अयोध्या में किसी 'प्रमुख' जगह पर नई मस्जिद बनाने के लिए 5 एकड़ की वैकल्पिक जमीन दे।

2024 को हुई थी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

भूमि पूजन के साथ राममंदिर का निर्माण 5 अगस्त 2020 को शुरू हुआ था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में मंदिर के गर्भगृह और पहले तल का निर्माण होने के बाद 22 जनवरी 2024 के इसमें श्रीराम के बाल रूप के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस ऐतिहासिक समारोह में पीएम मोदी मुख्य यजमान के रूप में थे।

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

> लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है – किसी तरह विधायक–सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी



पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन मेवा के लिए और सिर्फ अपनी नेम प्लेट के लिए दलबदल कर बैठा है। चुनाव आएगा तो जनता इन दुकानों का शटर खुद ही गिरा देगी।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा



33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया'नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है । इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं रिपर्वस अर्थात जोड़ने वाले और ' उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं:- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

– राजेश शर्मा, हिसार

ट्रेंड

पिंक लाइन



पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं



तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक



बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा



भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत



अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ' 'यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।

ऑफ बीट

अब बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत



क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह उनका दूसरा कॉपर-स्तरीय खिताब है। इससे पहले उन्होंने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन के रूप में अपना पहला कॉपर-स्तरीय खिताब जीता था।

विश्व चैंपियनशिपः भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक



दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।

एक साल के लिए स्थगित एशियाई कप

कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और मेजबान सऊदी अरब में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2027 में होने वाले एशियाई कप को लगभग एक साल के लिए स्थगित कर दिया है। एएफसी ने कहा कि सऊदी अरब के आयोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया। पहले यह टूर्नामेंट अगले साल सात जनवरी से शुरू होना था लेकिन अब यह 23 दिसंबर 2027 से खेला जाएगा।



आईओए एथलीट आयोग की निर्विरोध सदस्य चुनी गईं सिंधू-मीराबाई

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे। निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने 5 पुरुष और 5 महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।

■ एथलीट सुधा सिंह हटीं चुनावी दौड़ से

नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 346 रन जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने 424 रन बनाए थे।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए। पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद विदेशी धरती पर अपना पहला शतक पूरा किया।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जिसमें वह खाता भी नहीं खोल पाए थे।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, 'यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है।'

भारतीय पुरुष टीम को 50 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक

विश्व चैंपियनशिप : महिला टीम ने रजत जीता

भाषा ▶▶ दोहा

भारत ने मंगलवार को यहां चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने कुल 1659 अंक से पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद इलावेनिल वलारिवान, सोनम उत्तम मास्कर और शांभवी श्रवण क्षीरसागर की तिकड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में 1894.4 अंक से दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम चीन (1899.8 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही जबकि जापान (1892.6 अंक) से कांस्य पदक जीता। इलावेनिल 634.2 अंक से भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहीं जबकि सोनम ने 630.2 अंक और शांभवी ने 629.7 अंक जुटाए। इलावेनिल ने क्वालीफिकेशन दौर में तीसरा स्थान हासिल कर व्यक्तिगत फाइनल में जगह बना ली थी और उनके पास पदक जीतकर भारत के लिए पहला ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका था। लेकिन वह 167.3 अंक के स्कोर से छठे स्थान पर रहकर यह मौका चूक गईं। इससे पहले रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं दक्षिण कोरिया की होंग सुह्योन, चोए बोरम और सो सेउंग सेओह की टीम ने 1643 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में रूस के एंटोन अरिस्तारखोव ने 561 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने 558 अंकों के साथ कांस्य हासिल किया।

आईसीसी रैंकिंग : वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग



दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे वनडे में चार विकेट लेने के बाद, वैष्णवी ने सीरीज के आखिरी मैच में भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 39 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे फॉर्मेट में उनका तीसरा मैच था, जिसमें दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत ने सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' किया।

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶ पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, न्यूजीलैंड से आज भिड़ेगा भारत

■ मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7 :30 बजे

ऑकलैंड। रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सीमित ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।'

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
Public Works Division Nanded
E-TENDER NOTICE NO. (13) FOR 2026-27

Online Tender (e-tender) in B-1 form for the in Nanded District total 35 works are invited by the Executive Engineer, Public Works Division Nanded, Dist Nanded (Phone No.02462-253711) on Government of Maharashtra Electronic Tender Management System, from the registered contractor in appropriate class of Public works Department of Maharashtra State. The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Maharashtra e-tender portal **https://mahatenders.gov.in/** on sub portal **www.mahapwd.gov.in** as under.

Note: 1) Details of the tender documents are available on e-tendering **https://mahatenders.gov.in/** and **www.mahapwd.gov.in** website of the Government of Maharashtra.
2) If there are any changes in the tender notice, then the information will be displayed on the website.
3) Executive Engineer, Public Works Division Nanded, Dist Nanded has reserved the right to accept or reject tenders.

Sd/- Executive Engineer
Public Works Division Nanded
आरओसी-२०२६-२७/क्र-५/C३५८५

उत्तर रेलवे
खुली निविदा

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के नाम पर, इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं कार्य के सामने दर्शाई गई निविदा बंद होने की तिथि को 11:30 बजे तक स्वीकार की जाएंगी तथा इसके पश्चात खोली जाएंगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	कार्य समाप्ति समय
1	जम्मू मंडल में 20,000 से अधिक एवं 50,000 से कम TVU वाले 12 अदद गैर–अंतरपाशित LC Gates के Interlocking का S&T कार्य। LC Gates की सूची:– PTK-ASR सेक्शन – 11 LC Gates (C-27,C-28,C-30,C-31,C-32,C-41, C-47,C-55,C-59,C-64,C-68). JAT-UHP सेक्शन 1 LC Gate (C-1).	56738967.05/-	1134800.00/-	08 माह

निविदा खुलने की तिथि	टेंडर www.ireps.gov.in वेबसाइट पर दिनांक 04.11.26 से 24.11.26 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगा तथा दिनांक 24.11.26 को 11:30 बजे के बाद खोला जाएगा।
टेन्डर वेलिडिटी	60 दिन

नोटः– 5. इच्छुक ठेकेदारों को शर्तों के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN/TIN/GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IREPS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी। 6. धरोहर राशि की ऑन लाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा स्वीकार्य होंगे। 7. इच्छुक ठेकेदार कोई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–3) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 8. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **संख्या–04–एसएंडटी–परियोजना–अंबाला–2026–27 दिनांकः 03.11.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3844/26

उत्तर रेलवे
Corrigendum-2

निविदा संख्याः NR-Proj-UMB-293-Leftov-03, अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड में OHE में संशोधन और पंजकोसी/SSP का निर्माण; और फिरोजपुर मंडल के लोहियां खास–फिल्लौर खंड में नकोदर/TSS में अतिरिक्ति/ संशोधन कार्य के लिए, निविदा (टेंडर) 10.11.2026 को 15:30 बजे खोली जानी थी। प्रशासनिक कारणों से निविदा खोलने एवं बंद करने की तिथियों से संशोधन किया गया है। संशोधित विवरण निम्नानुसार हैं:

Tender No. :	NR-Proj-UMB-293-Leftov-03
Tender title :	अंबाला मंडल के बठिंडा–श्रीगंगानगर खंड में OHE में संशोधन और पंजकोसी/SSP का निर्माण; और फिरोजपुर मंडल के लोहियां खास–फिल्लौर खंड में नकोदर/TSS में अतिरिक्ति/ संशोधन कार्य।
App. Cost (Rs.) :	Rs. 1.67 Cr.
Bid Security (Rs.) :	Rs. 3,34,300
Completion Period (Months) :	18 Months
Cost of Tender Document (Rs.) :	Nil
Date of Closing :	26.11.2026, 15:00 Hrs.

अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
सं.: NR/Proj/UMB/Advt./17 दिनांकः 03.11.2026 3850/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 510 दिनांक 11.09.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे.जे.एक्ट थाना खरखौदा जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- पूजा।
पिता का नाम रामनारायण ।
पता - वासी गाँव कुण्डल जिला सोनीपत ।
उम्र - 17 वर्ष।
कद - 4 फुट 10 इंच ।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर ।
पहनावाः- सूट-सलवार पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.09.2026 को पूजा पुत्री रामनारायण वासी गाँव कुण्डल जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी थी। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरो पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410536
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9729342422
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5565/2027/50745/88/6 दि. 03.11.2026

राज्य पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान
(विशेष जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए)
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा)
State Institute for Rehabilitation, Training and Research (SIRTAR)
(For Persons with Special Needs)
(Social Justice & Empowerment, Welfare of SC & BC and Antyodaya, (SEWA) Deptt., Haryana)
विज्ञापन सूचना सं. 10/2026

निदेशक, सिरतार, रोहतक पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिखित पद के लिए एक परामर्शदाता को नियुक्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं।

पद का नाम	पदों की सं.	आयु मानदंड	पारिश्रमिक	आवश्यक योग्यता
ऑक्युपेशनल थैरेपिस्ट (कंसलटेंट)	एक	हरियाणा सरकार के अनुरूप	रु. 40,000/- प्र.मा. (समेकित)	iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ऑक्युपेशनल थैरेपी में बैचलर की डिग्री (बीओटी)/बी.एससी. (ऑक्युपेशनल थैरेपी) iv) वैध पेशेवर पंजीकरण।
गतिविधि अध्यापक (संगीत/नृत्य अध्यापक) (कंसलटेंट)	एक	हरियाणा सरकार के अनुरूप	रु. 25,000/- प्र.मा. (समेकित)	iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से संगीत (वॉकल/इंस्ट्रयूमेंटल) में बैचलर/मास्टर डिग्री, सहित म्यूजिक थैरेपी में कोई मान्यताप्राप्त डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स; अथवा iv) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से म्यूजिक थैरेपी में बैचलर/मास्टर डिग्री।
स्पीच थैरेपिस्ट (कंसलटेंट)	एक	हरियाणा सरकार के अनुरूप	रु. 40,000/- प्र.मा. (समेकित)	iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्पीच–लैंग्वेज पैथोलॉजी/स्पीच एंड हियरिंग/ ऑडियोलॉजी एंड स्पीच–लैंग्वेज पैथोलॉजी में बैचलर डिग्री (बीएएसएलपी अथवा समकक्ष) iv) वैध पेशेवर पंजीकरण।

सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवेदन निदेशक, सिरतार, गांधी नगर, रोहतक–124001, हरियाणा के पास विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर पहुंच जाने चाहिएं।
विस्तृत जानकारी इत्यादि हेतु कृपया हमारी वेबसाइट :– www.sirtarrohtak.com पर पधारें।

हस्ता/– निदेशक
पीआरडीएच–1104/11/44/2027/50765/88/6 दि. 03.11.26 सिरतार, रोहतक

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 316 दिनांक 30.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम-किरण ।
पति का नाम-रोहित ।
पता-वासी गाँव गढी ब्रहमणा जिला सोनीपत ।
उम्र -20 वर्ष ।
कद -5 फुट । इंच ।
हुलियाः- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, काली आँखे, काले बाल, हष्ट-पुष्ट शरीर, बाएं हाथ पर सुरमे से रोहित लिखा हुआ है। पहनावा - सफेद रंग की टी-शर्ट, गुलाबी रंग की लोअर पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.10.2026 को किरण पत्नी रोहित वासी गाँव गढी ब्रहमणा जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो० न0 7419410532
अनुसंधानकर्ता मो० न0 - 8930135686
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/5572/2027/50769/88/6 दि. 03.11.2026

अभियोग संख्या 199 दिनांक 02.11.26 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान बारे
नाम-नीरज कुमार
पिता/पति- पुत्र तोताराम
पता-निवासी गाँव कुन्दौली जिला हरदोई उत्तरप्रदेश हाल वासी गाँव आसोदा जिला झज्जर
उम्र-29 वर्ष
कद-5 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, चेहरे पर हल्की दाढी
दिनांक 31.10.26 को नीरज कुमार पुत्र तोताराम गाँव कुन्दौली जिला हरदोई उत्तरप्रदेश हाल वासी गाँव आसोदा जिला झज्जर बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन-रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247894,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 7015677410

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

डी.डी न. 15 दिनांक 29.10.26 धारा 194 BNSS थाना आर्य नगर रोहतक।



अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे
नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता - नामालूम।
उम्र-लगभग 40 वर्ष ।
कद- लगभग 5 फुट 6 ईच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, सफेद रगं की टी-शर्ट पहन रखी है
दिनांक 29.10.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की पटेल नगर, जिला रोहतक में पता नामालूम मृत अवस्था में अज्ञात कारण से मिली नाश थी। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।
थाना आर्य नगर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतु 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9812925656

पीआरडीएच-1084/11/5570/2027/50767/88/6 दि. 03.11.2026

भारतीय नौसेना का समुद्र में दिखा शौर्य

समुद्री लुटेरों के चंगुल से 20 ईरानियों को बचाया, तेहरान बोला- शुक्रिया

एजेंसी ▶▶ तेहरान

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर दूर सोमालिया के तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में पहुंचे ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को मुक्त करा लिया है। इस अभियान में जहाज पर सवार सभी 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी अहम भूमिका निभाई। करीब 48 घंटे तक चले इस अभियान में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। भारत की इस कार्रवाई के बाद ईरान ने आभार जताते हुए भारतीय नौसेना और वायुसेना के साहस, पेशेवर रवैये और आपसी तालमेल की सराहना की है।

ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी कमांडो उतारे

48 घंटे तक चले अभियान में कोई हताहत नहीं



भारतीय नौसेना के कब्जे में 'अजिनी' जहाज और समुद्री लुटेरे

सोमालिया के तट के पास किया था कब्जा

जानकारी के मुताबिक, मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को पिछले महीने सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने अगवा कर लिया था। यह घटना सोमालिया के तटीय इलाकों बंदर बायला और हाफुन के बीच हुई थी। समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को आशंका थी कि लुटेरे इस जहाज का इस्तेमाल बड़े व्यापारिक जहाजों पर हमले करने के लिए अपने अस्थायी ठिकाने यानी 'मदर शिप' के तौर पर कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए समुद्री क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई थी।

आईएनएस कोलकाता ने संभाला मोर्चा

भारतीय नौसेना ने जहाज को मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू किया। इसके तहत मिशन पर तैनात युद्धपोत आईएनएस कोलकाता को कार्रवाई के लिए भेजा गया। समुद्री निगरानी विमान और अन्य निगरानी संसाधनों की मदद से जहाज की लगातार तलाश की गई। उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाए गए। इसके बाद भारतीय वायुसेना के सी-17 विमान से नौसेना के मरीन कमांडो को सटीक तरीके से जहाज तक पहुंचाया गया। कमांडो ने कार्रवाई करते हुए जहाज को अपने नियंत्रण में लिया और समुद्री लुटेरों के खतरे को खत्म कर दिया।



समुद्री लुटेरों से जब्त हथियार

ईरान ने कहा- यह दोस्ती और सहयोग का प्रतीक

नई दिल्ली स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर भारत सरकार, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि उन्होंने मछली पकड़ने वाले जहाज 'अजिनी' के 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए एक सफल अभियान चलाया। हम भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पेशेवर रवैये, साहस और बेहतरीन तालमेल की भरपूर सराहना करते हैं। यह मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और यह भी दिखाता है कि भारत सीमाओं के पार लोगों की जान बचाने में कितनी अहम भूमिका निभाता है। यह मानवीय अभियान ईरान और भारत के बीच दोस्ती, एकजुटता और सहयोग की भावना का एक बड़ा उदाहरण है। हम उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने ईरानी चालक दल को सुरक्षित बचाने में अपना योगदान दिया।



नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास

रक्षा मंत्री ने दी बधाई

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को बधाई दी है। नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर से अधिक दूर, समुद्री लुटेरों के कब्जे वाली मछली पकड़ने वाली नाव 'अजिनी' के सभी 20 चालक दल के सदस्यों को 48 घंटे चले एक समन्वित अभियान में सफलतापूर्वक बचा लिया।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी के सम्मान में भूटान में पवित्र स्तूप

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भूटान के राजा



जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति विशेष सम्मान के प्रतीक के रूप में गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में एक पवित्र स्तूप समर्पित किए जाने को अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया। रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना को लगातार समर्थन दिया है और इसी सम्मान में उनके नाम पर स्तूप समर्पित किया गया है।

भारत-यूएस के बीच टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास शुरू

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच पांचवें द्विपक्षीय त्रि-सेवा



मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ 2026' की शुरुआत हो गई है। इसका उद्घाटन समारोह 2 नवंबर को विशाखापत्तनम स्थित मैरीटाइम वारफेयर सेंटर में आयोजित किया गया। इस वर्ष यह अभ्यास टेबलटॉप एक्सरसाइज के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान दोनों देशों के बीच समन्वय स्थापित करना है।

नकली दवाओं के रैकेट पर ईडी की छापेमारी

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में ईडी की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। ईडी ने प्रिवेंशन



ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत नकली दवाओं के रैकेट से जुड़े लोगों और कंपनी के पांच ठिकानों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। ईडी की ओर से यह कार्रवाई 18 अगस्त से चल रही मनी-लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई। यह केस तवरेकेरे पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई 18 अगस्त को एक प्रॉपर्टी पर की गई जॉइंट सर्च से जुड़ी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायवाल ने दी जानकारी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान 23 भारतीयों की मौत, इनमें 15 नाविक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मंगलवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान में भारतीय छात्रों की शिक्षा और पश्चिम एशिया के हालात समेत कई अहम विषयों पर जानकारी की। जायसवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर हम लगातार नजर बनाए हुए हैं और क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से ध्यान दे रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान भारत के 23 नागरिकों की मौत हुई है। इनमें 15 भारतीय नाविक थे। वहीं, काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। दो भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। ओमान के तट के पास एक व्यावसायिक जहाज पर हमला हुआ था। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, उस जहाज पर भारतीय चालक दल के14 सदस्य थे। दुर्भाग्य से उनमें से एक की मौत हो गई है। अब हम वहां मौजूद 13 भारतीय नागरिकों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया सुनिश्चित कर रहे हैं। हम इस पर भी काम कर रहे हैं कि भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को भारत वापस कैसे लाया जा सके। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, मुझे कहना चाहिए कि हम ओमान के अधिकारियों को उनकी तत्काल कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हैं। हम एक बार फिर सभी पक्षों से अपील करते हैं कि वे बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाएं, ताकि इस क्षेत्र में जल्द शांति लौट सके।

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति को लेकर भारतीयों को सचेत रहने की सलाह

छात्रों का शोषण रोकने जारी की एडवाइजरी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

रूस-यूक्रेन के बीच शांति के दिए सुझाव

जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की पिछले कई महीनों के दौरान भी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। दोनों विदेश मंत्रियों ने कई मौकों पर मुलाकात की है और इस बार भी अटलांटा में उनकी बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े यूक्रेन के हालात, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय महत्व के कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जहां तक शांति स्थापित करने में भारत की भूमिका या विचारों का सवाल है, हमने अपने सुझाव यूक्रेन और रूस, दोनों पक्षों के साथ साझा किए हैं। आपने राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियां भी देखी हैं और यूक्रेन के विदेश मंत्री की प्रतिक्रियाएं भी सुनी हैं।

रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान मामले पर कहा कि ताशकंद में हमारे दूतावास और नेशनल मेडिकल कमीशन ने छात्रों के लिए कुछ दिशा-निर्देश या एडवाइजरी जारी की है। ये उन छात्रों के लिए है जो उज्बेकिस्तान या अन्य जगहों पर पढ़ाई करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर ध्यान दे रही है कि उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों को, जो वहां मेडिकल या अन्य पढ़ाई करने जा रहे हैं, अच्छी गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा मिले। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि मेडिकल या अन्य पढ़ाई के लिए उज्बेकिस्तान जाने वाले भारतीय छात्रों का कोई शोषण न हो।

यूरोप में सावधान रहें भारतीय

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति पर बात करते हुए एमईए प्रवक्ता ने कहा कि हमारे दूतावासों ने फ्रांस और इटली में सलाह जारी की है। बेल्जियम के बारे में मुझे अभी पूरी तरह से जानकारी नहीं है। हमने वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों को सलाह दी है कि वे हमारी एडवाइजरी और स्थानीय सरकारों की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें।

भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा

जायसवाल ने बताया कि जी20 बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इनमें से एक बैठक रूस के विदेश मंत्री के साथ थी। इस बैठक में भी रूस में फंसे भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा की गई। जहां तक उन भारतीय नागरिकों की रिहाई का सवाल है जो अभी भी रूसी पक्ष के पास हैं, तो यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे हम रूसी पक्ष के साथ अलग-अलग स्तरों पर लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस में नौकरी करने जाने वाले भारतीयों को भी इस बारे में सचेत रहना चाहिए कि वे नियोक्ता के बारे में अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

पंचकूला के अल्फ़ा अपार्टमेंट में दबिश

रिटायर्ड डीएसपी के शराब कारोबारी बेटों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ पंचकूला

कई घंटों तक चली गहन जांच, लैपटॉप-कैश व डॉक्यूमेंट्स साथ ले गई टीम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सेक्टर 17 स्थित अल्फ़ा अपार्टमेंट में रिटायर्ड डीएसपी जगबीर के बेटों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। फ्लैट नंबर 101 और 102 में कई घंटों तक चली गहन जांच और तलाशी के बाद ईडी की टीम मौके से रवाना हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी ज़ब्त कर ली है। हालांकि, टीम परिवार के किसी भी सदस्य को अपने साथ हिरासत में नहीं ले गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड डीएसपी के बेटे शराब कारोबार से जुड़े हुए हैं। उक्त डीएसपी चंडीगढ़ पुलिस से रिटायर हुए हैं। इसी सिलसिले में वित्तीय अनियमितताओं और संदिग्ध लेनदेन की जांच के तहत ईडी की टीम ने उनके आवास पर यह कार्रवाई की। छापेमारी की इस पूरी कार्रवाई के बाद ईडी अधिकारियों ने शाम करीब 6 बजे परिसर छोड़ दिया है। हालांकि, इस रेड और ज़ब्त की गई सामग्री को लेकर ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान या खुलासा नहीं जारी किया गया है।

यूरोप में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी इटली ने फाइटर जेट भेजे, पोलैंड ने एयरपोर्ट बंद किया

रोम (एजेंसी)। यूरोप में मंगलवार को अलग-अलग देशों में कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन धमकियों के बाद इटली ने दो विमानों को सुरक्षित एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए अपनी एयरफोर्स के विमान भेजे, जबकि पोलैंड में एक एयरपोर्ट को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। स्पेन में भी एक विमान की तलाशी ली गई। हालांकि, जांच के बाद सभी धमकियां झूठी निकलीं। किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला और न ही किसी की जान गई। इन धमकियों से इटली, पोलैंड और स्पेन के एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। धमकी मिलने वाले विमानों में रायनएयर, पोलैंड की एलओटी और स्कैंडिनेवियन एयरलाइंस की फ्लाइट शामिल थीं। किसी भी विमान को इमरजेंसी लैंडिंग नहीं करनी पड़ी। इटली में लिस्बन से रोम जा रही रायनएयर की फ्लाइट को मंगलवार सुबह एक ईमेल मिला, जिसमें विमान में बम होने का जिक्र था। इसके बाद विमान को रोम के फ्यूमिचिनो एयरपोर्ट पर उतारा गया। पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने यात्रियों, कू और सामान की जांच की, लेकिन कुछ नहीं मिला।

अंतरिक्ष मौसम के अध्ययन में मिलेगी मदद

आदित्य-एल1 ने सौर विस्फोटों के असमान विस्तार का लगाया पता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने सूर्य से निकलने वाले विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के विस्तार को लेकर अहम जानकारी दी है। आदित्य-एल1 पर लगे विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) के आंकड़ों से वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि सौर विस्फोट का विस्तार सभी दिशाओं में एक समान नहीं होता, बल्कि इसका आकार असममित हो सकता है। इस खोज से अंतरिक्ष मौसम के अध्ययन और पृथ्वी पर उपग्रहों तथा संचार नेटवर्क पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को समझने में मदद मिल सकती है। अध्ययन में



पहली बार सामने आया कि सीएमई सूर्य से किसी सामान्य गोलाकार बुलबुले की तरह समान रूप से बाहर नहीं फैलता। इसके बजाए इसका विस्तार अलग-अलग दिशाओं में असमान होता है, जिससे इसका आकार असममित बन जाता है। विस्तार में यह अंतर पृथ्वी की ओर बढ़ते समय सीएमई की गति को प्रभावित कर सकता है और अंतरिक्ष मौसम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है। आदित्य-एल1 सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था।

मॉस्को नहीं चाहता तनाव कम करना

दक्षिणी यूक्रेन में राहत केंद्र पर रूसी हमला, 29 लोगों की मौत, 20 लापता

एजेंसी ▶▶ कीव

दक्षिणी यूक्रेन में मानवीय सहायता केंद्र और एक आश्रय स्थल पर सोमवार को रूस की ओर से किए गए हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि अब भी करीब 20 लोग लापता हैं ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि रूसी हमले में सबसे पहले मानवीय सहायता सामग्री वितरित करने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक स्कूल की इमारत को निशाना बनाया गया और इसके बाद पास स्थित एक आश्रय स्थल पर भी हमला किया गया। यह इस बात सबूत है कि रूस तनाव



बचाव अभियान में जुटे यूक्रेनी सैनिक

कम करना नहीं चाहता। दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र के कोमिशुवाखा गांव में ये हमले ऐसे समय हुए, जब सोमवार को देश के एक अन्य दक्षिणी क्षेत्र खेरसॉन में स्थानीय स्तर पर लागू युद्धविराम समाप्त हो गया। इस समझौते के तहत रूस के कब्जे वाले अग्रिम क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने और लोगों को सुरक्षित निकालने की अनुमति दी गई थी। जेलेंस्की ने कहा कि रूस शांति का समर्थन नहीं करता है।

संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में रक्षा मंत्री बोले

आज के समय में तकनीक युद्ध का अभिन्न अंग, निजी क्षेत्र आगे आएं

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय में तकनीक युद्ध का अभिन्न अंग है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से नई-नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। नए हथियारों, मिसाइलों और प्रणालियों का परीक्षण हो रहा है। इसके साथ ही सरकार ने निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया है और उसे समान अवसर उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने मंगलवार को जैसलमेर में रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

सेनाओं ने लगातार सुधार और बदलाव किए



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि तीनों सेनाओं ने अपनी संरचनाओं और सैन्य गठन में लगातार सुधार और बदलाव किए हैं। उदाहरण के तौर पर, भारतीय सेना में असनी, भैरव और शक्तिबाण प्लाटून जैसी नई सैन्य टुकड़ियां आज की परिचालन संबंधी जरूरतों और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप काफी उपयोगी साबित हो रही हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से लेकर बड़ी कंपनियां तक आज रक्षा क्षेत्र में योगदान दे रही हैं।

रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपए किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आधुनिक उपकरण हासिल करना नहीं, बल्कि एक ऐसा रक्षा तंत्र तैयार करना है, जिसमें हमारी सेनाओं की जरूरतों के अनुरूप तकनीक का विकास हो, भारतीय उद्योग की भागीदारी बढ़े और देश की रणनीतिक निर्भरता कम हो। वित्त वर्ष 2026-27 में देश का कुल रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपए हो गया है। इसमें सैन्य उपकरणों के आधुनिकीकरण और खरीद के लिए 2 लाख 19 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन के लिए वोटिंग जारी

न्यूयॉर्क में पेपर बैलट स्कैन नहीं हुए फ्लोरिडा में बाढ़ के चलते 21 बूथ बदले

वॉशिंगटन। अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के लिए मतदान जारी है। वोटिंग भारतीय समयानुसार मंगलवार शाम 4:30 बजे शुरू हुई जो बुधवार को दोपहर 11:30 बजे तक चलेगी। न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर में कुछ मशीनें बैलट स्कैन नहीं कर पा रही हैं। फ्लोरिडा में बाढ़ के चलते 21 मतदान केंद्रों की जगह बदलनी पड़ी है। यह फैसला मतदान शुरू होने से करीब 45 मिनट पहले लिया गया। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के ठीक दो साल बाद मिडटर्म चुनाव कराए जाते हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की सभी 435 सीटों और उच्च सदन सीनेट की 35 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। ट्रंप की पार्टी दोनों सदनों में से किसी सदन में बहुमत खो देती है, तो एजेंडे से जुड़े कानून पास कराना मुश्किल होगा। नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और अन्य ने अंतरिक्ष से मतदान किया।

नासा के अंतरिक्ष यात्री अनिल व अन्य ने अंतरिक्ष से किया मतदान



वोटिंग करते अमेरिकी नागरिक

ट्रंप से नाराज 62% भारतीय-अमेरिकी

मध्यावधि चुनाव में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं का रुझान डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों की ओर बढ़ता दिख रहा है और एक नए सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है कि 62% भारतीय-अमेरिकी मतदाता डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट दे सकते हैं। सर्वेक्षण में इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मोहभंग होने का संकेत बताया गया है। 62% नागरिकों ने बताया कि वे डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट देंगे।

मतदान से कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला

केश्म द्वीप पर 5 धमाके, ईरान ने 2 यूएस ड्रोन मारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केश्म द्वीप और होर्मुज के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। अमेरिका में मंगलवार को मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान होने से पहले सोमवार को ईरान के केश्म द्वीप पर कम से कम पांच जोरदार धमाके हुए। कुछ दूर पर बंदर लेंगेह शहर में भी विस्फोट की खबर है। ईरानी मीडिया ने अमेरिका के दो एमक्यूएम-170 जासूसी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी एमक्यूपी-170 जासूसी ड्रोन को मार गिराने का वीडियो जारी किया है। सरकारी चैनल आईआरआईबी ने फुटेज जारी किया है।

ईरान का 4 अमेरिकी ड्रोन पकड़ने का दावा



केश्म द्वीप पर हमले के बाद आग

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मंगलवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक आईआरजीसी की नौसेना ने केश्म द्वीप के ऊपर और होर्मुज के दक्षिण में दो अमेरिकी ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली की मदद से अपने नियंत्रण में लिया। ईरानी पक्ष का दावा है कि इन ड्रोन को मार गिराने के बजाय सुरक्षित उतारा गया। इसके साथ ही ईरान के कब्जे में आए ऐसे अमेरिकी ड्रोन की संख्या चार हो गई है।

कूटनीतिक समझौते के भी संकेत

ट्रंप प्रशासन की ओर से कूटनीतिक समझौते की संभावनाओं के संकेत भी दिए जा रहे हैं। ऐसे में एक तरफ सैन्य अभियान और दूसरी तरफ बातचीत की उम्मीद दोनों देशों के बीच जारी तनाव की जटिल तस्वीर पेश करते हैं। केश्म द्वीप फारस की खाड़ी में ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित है और होर्मुज के बेहद करीब होने के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमला किया

अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना ने हाल के सप्ताहों में ईरान के केश्म द्वीप पर गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक, ये हमले उन सीमित सैन्य अभियानों का हिस्सा थे, जिन्हें वॉशिंगटन ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान गुप्त रूप से अंजाम दिया। खास बात यह है कि ये कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ संभावित कूटनीतिक समझौते की बात कर रहे थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28